दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...




● नई दिल्ली। गुरुवार 23 जनवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 35 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3




## मुख्यमंत्री योगी ने लोक कल्याण की कामना के साथ संगम में लगाई डुबकी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ संगम स्नान करने वालों में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा एवं मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप भी मौजूद रहे।

**महाकुम्भ नगर, करंट क्राइम।** त्रिवेणी माधवंसोमं भरद्वाज च वासुकिम। वन्देरक्षयवटं शेषं प्रयागं तीर्थनायकम।। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अपने मंत्रिमंडल के साथ तीर्थराज प्रयागराज में त्रिवेणी के संगम में पावन डुबकी लगाकर समूचे विश्व के कल्याण की कामना की। मुख्यमंत्री ने संगम स्नान को भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह स्नान आत्मिक शांति, धार्मिक समर्पण और समाज कल्याण का संदेश देता है। त्रिवेणी संगम का स्नान केवल व्यक्तिगत शुद्धि नहीं, बल्कि समग्र लोक कल्याण का आह्वान है। महाकुम्भ 2025 के इस दिव्य आयोजन में दुनिया भर से करोड़ों श्रद्धालु आ रहे हैं और संगम में पावन डुबकी लगा रहे हैं. यह स्नान धर्म, संस्कृति और आस्था का संदेश देता है। यह न केवल एक धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि लोक कल्याण और आत्मशुद्धि का पवित्र आह्वान भी है। महाकुम्भ भारतीय संस्कृति की दिव्यता और सार्वभौमिकता का प्रतीक है। संगम स्नान से जनमानस को यह संदेश मिलता है कि धर्म और संस्कृति की शक्ति से जीवन में शुद्धता और समृद्धि लाई जा सकती है।

**संगम में उतरी पूरी सरकार :** त्रिवेणी संगम वह पवित्र स्थल है, जहां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती का मिलन होता है। इसे मोक्ष प्राप्ति और आत्मा की शुद्धि का केंद्र माना जाता है। शास्त्रों में संगम स्नान को सभी पापों से मुक्त करने और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग बताया गया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री और उनके मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने सबसे पहले अरैल स्थित त्रिवेणी संकुल में पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात, मोटरबोट के माध्यम से संगम पहुंचकर विधिवत मंत्रोच्चार और हवन के साथ स्नान संपन्न किया। मुख्यमंत्री के साथ दोनों उपमुख्यमंत्री केशव

शेष, पृष्ठ 2

## महाकुंभ 2025 : भाजपाइयों में दिख रहा है संगम में डुबकी लगाने का क्रेज

# कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री और पूर्व महापौर सहित वरिष्ठ भाजपाई कर रहे हैं प्रयागराज में गंगा स्नान

### जल्द ही जाएंगे अन्य विधायक व भाजपा नेता महाकुंभ







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** प्रयागराज में महाकुंभ 2025 आयोजित किया गया है। महाकुंभ के महासमागम को शुरू हुए 10 दिन का समय हो चुका ह। तो वहीं अब धीरे-धीरे गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों से लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की प्रयागराज के संगम में डुबकी वाली तस्वीरें सामने आने लगी हैं। बुधवार को जहां सोशल मीडिया पर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद विधानसभा सीट से विधायक सुनील शर्मा की तस्वीरें आई। तो गाजियाबाद के एमएलसी और उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप भी संगम में स्नान करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों ही मंत्रियों ने यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के संग भी स्नान किया है। वहीं गाजियाबाद के पूर्व महापौर अशु वर्मा अपनी माताजी और परिवार के साथ संगम में डुबकी लगाने गए हैं। तो इसे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता और उद्योगपति संजीव गुप्ता ने भी गंगा स्नान करते हुए की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा की हैं। कुल मिलाकर कहा जाए तो अब धीरे-धीरे गाजियाबाद के भाजपाइयों और वरिष्ठ नेताओं में संगम में डुबकी लगाने का क्रेज नजर आने लगा है। तो वहीं सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि आने वाले दिनों में भारतीय जनता पार्टी के अन्य विधायक और संगठन से लेकर मंडल वाले पदाधिकारी संगम में डुबकी लगाते हुए नजर आएंगे।

### क्या जल्द भाजपा के अन्य नेता भी आएंगे प्रयागराज में नजर

करंट क्राइम : गाजियाबाद में भाजपा के सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि जिस प्रकार से पिछले साल अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर में पूजन और उसकी शुरूआत होने पर गाजियाबाद से बड़ी संख्या में बसों रेल और अपने वाहनों से भाजपा के अलग-अलग स्तर के नेता पहुंचे थे। उसी प्रकार अब आने वाले दिनों में महाकुंभ प्रयागराज में भी यह सीन नजर आने वाला है। सूत्र बता रहे हैं कि कई पार्षद और भाजपा के मंडल वाले नेता इस तैयारी में जुट गए हैं और जल्द ही वह महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाते हुए नजर आएंगे।

### पूर्व महापौर और महिला संयोजिका भी हैं प्रयागराज

करंट क्राइम : प्रयागराज में महाकुंभ 2025 चल रहा है। महाकुंभ की इस बेला में भाजपा के नेता यहां स्नान करते हुए नजर आ रहे हैं। बुधवार को सोशल मीडिया पर पूर्व महापौर अशु वर्मा अपने परिवार के साथ नजर आए। उनकी पत्नी और माता भी स्नान करने गई हैं। तो वहीं भाजपा की महिला संयोजिका डॉ. उदिता त्यागी भी लगातार प्रयागराज में स्नान, पूजन और साधु संतों के साथ समागम करती हुई नजर आ रही हैं।

### बसों में भी पहुंच रहे हैं गाजियाबाद के भाजपाई

करंट क्राइम : प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान डुबकी लगाने का अलग महत्व और इस महत्व का नजारा अब धीरे-धीरे गाजियाबाद के भाजपाइयों के बीच भी नजर आने लगा है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि बीते दिनों नदिया पार में भगवा संगठन के सहयोग में काम करने वाले संगठन की बस महिलाओं को लेकर महाकुंभ में स्नान करने गई थीं। उनकी फोटो और वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आ रही हैं।

# क्या जिले और महानगर में किसी एक सीट पर 'ओ' और एक सीट पर हो गया है 'जी' कन्फर्म

### - 25 जनवरी तक हो जाएगी भाजपा के जिला और महानगर की घोषणा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** महानगर और जिले की घोषणा को लेकर भाजपा में संगठन पुरुधाओं की बैठक हो चुकी है। नाम लिफाफों में बंद है और अब घोषणा का इंतजार हो रहा है। सभी के अपने-अपने कयास है और कोई समीकरण के हिसाब से नामों का अनुमान लगा रहा है और किसी को बड़ी सिफारिशों पर भरोसा है। बहरहाल अब मामला अपने अंतिम राउंड की ओर बढ़ रहा है। सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद जिले में 'जी' और 'ओ' का सीन बन रहा है। यहां नाम लगभग फाइनल हैं और इस बात की प्रबल संभावना बन रही है कि जिले और महानगर में किसी एक सीट पर 'ओ' और किसी एक सीट पर 'जी' के नाम पर मुहर लगने जा रही है। ये नाम कन्फर्म माने जा रहे हैं।

सूत्र बताते हैं कि जिले में प्रबल संभावना 'ओ' की है और महानगर में कहानी 'जी' के आसपास है। लगाने वाले कयास लगा रहे हैं कि जिले में कौन 'ओ' है और महानगर में कौन 'जी' है। बताने वाले बता रहे हैं कि 'जी' से जनरल भी हो सकता है और 'ओ' से ओबीसी भी हो सकता है या 'ओ' से कोई और कोई भी हो सकता है। बहरहाल अब पकड़ने वाले इस बारीकी पर नजर रखे हुए हैं। सूत्र बताते हैं कि फाइनल बैठक हो चुकी है। नाम लिफाफे में बंद हो चुके हैं और नामों की घोषणा 25 जनवरी तक हो सकती है।

### तो क्या 'जी' फैक्टर में हैं गोयल, गोस्वामी और गोपाल या गुर्जर के नाम

'जी' फैक्टर पर चर्चा शुरू हुई है और यहां इस चर्चा में मयंक गोयल और पवन गोयल का भी नाम है। 'जी' फैक्टर में पवन गोयल के नाम पर चर्चा है, मयंक गोयल के नाम पर चर्चा है। पवन गोयल पुराने भाजपा कार्यकर्ता हैं। नगर निगम के पार्षद रहे हैं, क्षेत्रीय टीम में रहे हैं और मौजूदा समय में जीडीए बोर्ड सदस्य हैं। शहर सीट से टिकट की दावेदारी में भी रहे हैं और अब वो महानगर अध्यक्ष वाली रेस में हैं। जब बात 'जी' पर आ गई है तो यहां पवन गोयल के अलावा दूसरे गोयल मयंक गोयल भी हैं। मयंक गोयल महानगर की टीम में रहे हैं, क्षेत्रीय टीम में रहे हैं और वो लगातार भाजपा के प्रचार आयामों में रहे हैं। कोरोना काल में उन्होंने मदद का एक अभियान भी चलाया था। उनका नाम भी प्रमुखता से चर्चा में है। वो दावेदारी में हैं। 'जी' फैक्टर की बात करें तो कहानी केवल दो गोयल पर ही खत्म नहीं हो रही है और कहानी में तीसरे 'जी' गोपाल अग्रवाल की भी एंट्री हो रही है। गोपाल अग्रवाल भाजपा के महानगर महामंत्री हैं। वो महानगर अध्यक्ष पद की दौड़ में हैं। 'जी' फैक्टर की ही बात करें तो केवल तीन वैश्य चेहरों पर ये सीन खत्म नहीं हो जाता है और यहां गोस्वामी फैक्टर भी आता है और मानसिंह गोस्वामी का नाम भी इसी 'जी' फैक्टर में माना जा रहा है। मानसिंह गोस्वामी महानगर अध्यक्ष रहे हैं। क्षेत्रीय टीम में हैं, संगठन के कई दायित्व उन्होंने संभाले हैं और गोस्वामी फैक्टर में उनका भी नाम है। 'जी' फैक्टर में केवल दो गोयल चेहरे नहीं हैं। गोपाल अग्रवाल और गोस्वामी के अलावा यहां गुर्जर फैक्टर की भी चर्चा हो रही है। क्योंकि एक पावर सेंटर से गुर्जर नाम भी दावेदारी में है। वहीं एक खेमा इस बात को कह रहा है कि 'जी' का मतलब केवल गोयल, गोस्वामी या गोपाल नहीं होता है। 'जी' का मतलब जनरल यानी सामान्य भी होता है तो ऐसा ना हो तो आप 'जी' देखें और यहां जनरल से त्यागी फैक्टर पर मुहर लगकर आ जाए।

### 'ओ' फैक्टर पर हो सकते हैं और कोई भी

दावेदारी का काउंट डाउन शुरू हो गया है और सीन 'जी' और 'ओ' का बताया जा रहा है। 'जी' में गोयल और 'ओ' में बताने वाले ये बता रहे हैं कि 'ओ' का मतलब यहां ओबीसी ही नहीं बल्कि 'ओ' से और कोई भी हो सकता है। अब इस और कोई में जनरल भी हो सकता है, ओबीसी भी हो सकता है। यहां कोई नाम नया भी आ सकता है और रिपीट की भी चर्चा हो रही है। बहरहाल अब नाम लिफाफों में बंद है और घोषणा का इंतजार है।

# पुलिस कमिश्नरेट की इस बार परेड की कमान संभालेगी महिला आईपीएस अधिकारी

### तो सेकंड कमांडर भी हैं आईपीएस अधिकारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में 26 जनवरी को पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली गणतंत्र दिवस की सालाना परेड की कमान महिला आईपीएस अधिकारी के हाथों में रहेगी। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट महिला सशक्तिकरण का संदेश देने के साथ ही इस बार की परेड में प्रथम कमांडर और द्वितीय कमांडर की जिम्मेदारी दोनों ही आईपीएस अधिकारी संभाले रहे हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि 24 जनवरी को पुलिस लाइन में फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। जिसमें 26 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम से लेकर परेड और भाषण से लेकर सलामी वाला कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।





# आज से शुरू हो जाएगा पुलिस कमिश्नरेट का गणतंत्र दिवस सुरक्षा प्लान

### -बाजारों, रेलवे स्टेशन, मॉल और होटलों पर रहेगी विशेष निगरानी





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में गुरुवार से लेकर 26 जनवरी की रात्रि तक सुरक्षा का विशेष घेरा रहेगा। इस दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले सिटी, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन में अतिरिक्त पुलिस बल लगाकर चेकिंग अभियान चलाए जाएंगे। तो वहीं दिल्ली बॉर्डर और अन्य शहरों से लगे थानों और चौकियों पर अतिरिक्त गश्त लगाने और चेकिंग का अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही कार्यवाहक एडिशनल सीपी राजेश कुमार ने जानकारी दी है कि बाजारों, मॉल, रेलवे स्टेशन, नमो भारत ट्रेन, बस अड्डों, होटलों और सार्वजनिक स्थानों पर बम निरोधक दस्ता व डॉग स्क्वायड की टीमें जांच करने का काम करेंगी।

**क्विक रिस्पांस टीम रहेगी एक्टिव:** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में गणतंत्र दिवस को लेकर सुरक्षा का त्रिस्तरीय घेर रखा जाएगा। पुलिस कमिश्नरेट के एसीपी स्तर के अधिकारी तीन दिन अतिरिक्त एक्टिव रखे जाएंगे। तो वह अपने इलाकों में पैदल गश्त और चेकिंग अभियान भी चलवाएंगे। इसके साथ ही थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों को राउंड द क्लॉक ड्यूटी करने का निर्देश दिया गया है।

### ड्रोन के जरिए होगी निगरानी और सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में पुलिस के अधिकारी ड्रोन के जरिए संवेदनशील इलाकों और पुलिस लाइन के साथ ही सेना और प्रमुख इलाकों पर नजर रखने का काम करेंगे। इसके साथ ही सोशल मीडिया के अलग-अलग प्लेटफार्म पर पुलिस की टीम में नजर रखेंगी कि किसी प्रकार से कोई सूचना तो नहीं मिल रही है। साथ ही संदिग्ध और शरारती तत्वों पर भी पुलिस इस दौरान नजर रखेगी ताकि राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को शांति और सुरक्षा के बीच संपन्न कराया जा सके।

### लिपि नगायच रहेगी प्रथम कमांडर





करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आयोजित होने वाली 26 जनवरी की परेड में पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में जो समारोह होगा, उसमें महिला आईपीएस अधिकारी और एसीपी वेव सिटी परेड कमांडर की भूमिका में नजर आएंगी। वह परेड की कमान संभाल लेंगे और अगुवाई करते हुए सलामी भी लेने का काम करेंगी। इसके साथ ही परेड में द्वितीय कमांडर की भूमिका आईपीएस अधिकारी और वर्तमान में ट्रेनिंग पर चल रहे एएसपी गौतम राय के कंधों पर रहेगी। वह परेड में द्वितीय कमांडर की भूमिका में रहेंगे। बता दें कि पुलिस लाइन में 26 जनवरी को आयोजित होने वाली परेड में लगभग 10 खास तरह की टोलियां परेड का हिस्सा रहेंगी। जिसमें यूपी-112 से लेकर पिंक बूथ और अग्निशमन विभाग से लेकर सिविल डिफेंस व महिला पुलिस की टुकड़ी भी शामिल रहेगी।

### परेड ग्राउंड को सजाने का काम शुरू

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में आयोजित होने वाली 26 जनवरी की परेड के लिए पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड को सजाने का काम शुरू हो गया है। यहां दीवारों पर रंग-पुताई कर दी गई है। तो वही परेड स्थल पर बनने वाले मंच और पंडाल को तिरंगी थीम पर सजाया जा रहा है। इसके साथ ही यहां जिस स्थान से परेड आगे बढ़ेगी वहां पर रंग बिरंगी रंगोली सजाई जाएगी। साथ ही अलग-अलग झांकियां को भी प्रदर्शित करने का काम होगा। उसको भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। परेड के दौरान कई तरीके के अद्भुत नजारे भी पुलिसकर्मियों द्वारा प्रदर्शित किए जाएंगे।






# सीएम योगी ने 54 मंत्रियों के साथ लगाई संगम में डुबकी

## कैबिनेट मीटिंग में 7 जिलों का नया धार्मिक सर्किट बनाने का एलान



**प्रयागराज।** प्रयागराज आए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज धर्मनगरी में एक विशेष कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता की। इसके बाद उन्होंने महाकुंभ में सभी मंत्रियों के साथ त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगाई। उनके स्नान के दौरान वहां हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे। वहां पुख्ता सुरक्षा-व्यवस्था की गई। अब तक सीएम योगी कई दफा प्रयागराज महाकुंभ में गए हैं। सरकारी रिकॉर्ड के मुताबिक, अब तक 9 ।24 करोड़ से अधिक श्रद्धालु यहां स्नान कर चुके हैं।

**मंत्रियों के साथ संगम तट पर सीएम :** सीएम योगी आदित्यनाथ और उनके कैबिनेट मंत्रियों ने एक विशेष नाव पर सवार होकर संगम तट पर स्नान किया। इस अवसर पर, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक समेत अन्य मंत्रियों ने भी भाग लिया।

**प्रवासी पक्षियों को दाने चुगाए :** सीएम योगी ने महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में प्रवासी पक्षियों को दाने चुगाए। यह उनके द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति दिखाए गए एकजुटता का प्रतीक था।

**7 जिलों से बनेगा धार्मिक सर्किट :** महाकुंभ के दौरान योगी आदित्यनाथ ने 7 जिलों में एक नया धार्मिक सर्किट बनाने की घोषणा की, जिससे उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा सीएम योगी ने गंगा एक्सप्रेसवे के बारे में भी जानकारी दी।

महाकुंभ 2025
10वां दिन

उन्होंने कहा, ह्लगंगा एक्सप्रेसवे को चित्रकूट से जोड़ने के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। गंगा नदी पर 6 लेन का पुल बनाया जा रहा है। प्रयागराज को झूसी से जोड़ने के लिए एक और चार लेन का पुल बनाया जाएगा।

## महाकुंभ से पांच बड़े एलान, एक्सप्रेसवे और कई ब्रिजों की सौगात; विकास को मिलेगी रफ्तार

**प्रयागराज।** यूपी के प्रयागराज में बुधवार को महाकुंभ में योगी सरकार की कैबिनट बैठक हुई। इस दौरान सीएम ने मंत्रिमंडल के साथ संगम में डुबकी लगाई। इसके बाद संबोधित किया। इस दौरान सीएम ने कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी साझा की।



सीएम योगी ने कहा कि प्रयागराज, वाराणसी और आगरा हमारे तीन महत्पूर्ण नगर निगम हैं। यहां के लिए बांड जारी करने जा रहे हैं। सरकार चित्रकूट और प्रयागराज को लेकर डेवलप करेगी। इसके लिए गंगा एक्सप्रेसवे को एक्सटेंशन देंगे। इससे पर्यटन और आर्थिक दृष्टि से मजबूती मिलेगी।

**बनेगा फोरलेन ब्रिज :** इसके साथ ही गंगा एक्सप्रेसवे को बुंदेलखंड से जोड़ेंगे। इससे प्रयागराज और चित्रकूट क्षेत्र में विकास को रफ्तार मिलेगी। इसके आलावा प्रयागराज से मिजार्पुर, वाराणसी और जौनपुर को जोड़ने के लिए सरकार झूंसी की तरफ एक फोरलेन ब्रिज बनाएगी।

**यमुना में भी बनेगा ब्रिज :** साथ ही सिग्नेचर ब्रिज के समानानंतर एक और ब्रिज बनाया जाएगा। सीएम ने कहा कि इन सभी इन्फ्रास्ट्रक्चर का लाभ सभी को मिलेगा। साथ ही इससे प्रयागराज क्षेत्र के विकास को रफ्तार मिलेगी।

**प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे :** सीएम ने कहा कि केजीएमयू केंद्र को मेडिकल कॉलेज के रूप में स्थापित करने का निर्णय लिया गया है।

## महाकुंभ : प्रयागराज, वाराणसी और आगरा में अस्पताल और मुरादाबाद में 10 हजार करोड़ के निवेश को मिली मंजूरी

**प्रयागराज।** महाकुंभ में बुधवार को हुई योगी कैबिनेट की बैठक में कई अहम प्रस्ताव पास किए गए। जिसमें प्रयागराज हेतापट्टी से सलोरी तक गंगा पर पुल, संगम के पास अरैल में भी एक सामानंतर पुल को मंजूरी दी गई है। वाराणसी, प्रयागराज समेत सात जिलों को धार्मिक क्षेत्र की मंजूरी मिली है। प्रयागराज, वाराणसी और आगरा में मल्टी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल और मुरादाबाद में 10 हजार करोड़ का निवेश का प्रस्ताव पास हुआ है। योगी कैबिनेट की बैठक में प्रयागराज कई अन्य अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिली है, जिसमें प्रयागराज विंध्य क्षेत्र और वाराणसी विध्य क्षेत्र का गठन, गंगा एक्सप्रेस का विस्तार, मध्य प्रदेश की सीमा रीवा तक, बुंदेलखंड एक्सप्रेस का भी विस्तार रीवा तक किया जाएगा। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ञ्गंगा एक्सप्रेसवे को चित्रकूट से जोड़ने के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे को गंगा एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाएगा। गंगा नदी पर छह लेन का पुल बनाया जा रहा है। प्रयागराज को झूसी से जोड़ने के लिए एक और चार लेन का पुल बनाया जाएगा। यमुना नदी पर एक और सिग्नेचर ब्रिज बनाया जाएगा...



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रयागराज-चित्रकूट विकास क्षेत्र के साथ-साथ वाराणसी में भी नीति आयोग के सहयोग से विकास क्षेत्र विकसित किया जाएगा...। योगी कैबिनेट की बैठक में प्रयागराज कई अन्य अहम प्रस्तावों को मंजूरी मिली है, जिसमें प्रयागराज विंध्य क्षेत्र और वाराणसी विध्य क्षेत्र का गठन, गंगा एक्सप्रेस का विस्तार, मध्य प्रदेश की सीमा रीवा तक, बुंदेलखंड एक्सप्रेस का भी विस्तार रीवा तक किया जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ञ्प्रयागराज और आसपास के क्षेत्रों के लिए एक सतत विकास बनाने के लिए, हम एक विकास क्षेत्र विकसित करेंगे। इसके बुनियादी ढांचे के लिए, गंगा एक्सप्रेसवे का विस्तार दिया जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे प्रयागराज से मिजार्पुर, भदोही से काशी, चंदौली और गाजीपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा... यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ का कहना है, वाराणसी और चंदौली से, यह (गंगा) एक्सप्रेसवे सोनभद्र को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ेगा...

## मौनी अमावस्या पर हजारों विदेशी भक्त लगाएंगे संगम में आस्था की डुबकी

**प्रयागराज:** महाकुंभ नगर में 29 जनवरी को होने जा रहे मौनी अमावस्या के अमृत स्नान में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए 10 करोड़ लोगों के पावन त्रिवेणी के तट पर पहुंचने का अनुमान है। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या का अमृत स्नान होगा। मेला प्रशासन के दावे के मुताबिक इस स्नान पर्व में 7 से 10 करोड़ के बीच श्रद्धालुओं और पर्यटकों के महाकुंभ पहुंचने का अनुमान है, जिसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। प्रशासन के साथ साथ साधु संतों के शिविरों में भी इस पावन अवसर पर अमृत स्नान के लिए आने वाले भक्तों के लिए व्यवस्था की जा रही है।



श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद गिरि बताते हैं कि अकेले उनके शिविर में इस पुण्य पर्व पर फ्रांस, इटली, जापान और रूस से पांच हजार से अधिक विदेशी भक्तों के लिए व्यवस्था की जा रही है। पायलट बाबा के ये सभी भक्त 24 जनवरी से पहुंचने लगेंगे।

**शत्रुता का भाव त्याग शिव नाम का जाप कर रहे हैं यूक्रेन और रूस से आए विदेशी संत**

विश्व बंधुत्व का भाव भारतीय संस्कृति का मूल है जिसमें सभी तरह के भेद और विचारों का शमन हो जाता है। सनातन के गर्व, महाकुंभ पर्व पर शांति, मुक्ति और सद्भाव की त्रिवेणी प्रवाहित हो रही है। प्रयागराज महाकुंभ में पायलट बाबा के शिष्य महा मंडलेश्वर स्वामी विष्णुदेवानंद जी के शिविर में इसकी एक अद्भुत झलक देखने को मिल रही है। यहां युद्धरत देशों यूक्रेन और रूस के नागरिक एक ही मंच पर एक साथ अपने गुरु के सानिध्य में विश्व शांति के लिए शिवनाम का जाप कर रहे हैं।

## रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर उमड़े श्रद्धालु, खास पलों के उत्सव में डूबे



**प्रातः से ही पुण्यसलिला सरयू में स्नान के बाद श्रीराम लला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की पंक्तियां लग गई। राम मंदिर के आसपास का सारा क्षेत्र ब्रह्म मुहूर्त से ही जयकारों से गूंजने लगा।**




**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में बुधवार को अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का दिन है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने आराध्य के दर्शन करने पहुंचे हैं। इनमें अनेक ऐसे भी हैं, जो बीते वर्ष भी 22 जनवरी को अयोध्या में थे। उसी पल को जीने के लिए वह फिर रामनगरी आए हैं।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र पंचांग की तिथि के अनुसार 11 जनवरी को ही त्रिदिवसीय 'प्रतिष्ठा द्वादशी' का आयोजन कर चुका है। फिर भी अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार जीवन की सारी गतिविधियों का लेखा-जोखा करने वाले आज उस 22 जनवरी को जीने और देखने के लिए पुनः अयोध्या में हैं। प्रातः से ही पुण्यसलिला सरयू में स्नान के बाद श्रीराम लला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की पंक्तियां लग गईं। ट्रस्ट को इसका अनुमान था, इसलिए व्यवस्थाएं भी इसी के अनुसार की गई थी। राम मंदिर के आसपास का सारा क्षेत्र ब्रह्म मुहूर्त से ही जयकारों से गूंजने लगा।

हनुमानगढ़ी, दशरथ महल, कनक भवन सहित अयोध्या के सभी मंदिर आज श्रद्धालुओं से भरे हुए हैं। होटल और धर्मशालाएं पहले से ही लोग आरक्षित कराए हुए थे। महाकुंभ से आकर फिर वही लौट जाने वालों की संख्या भी कम नहीं है। खचाखच भरी सभी पार्किंग इसकी गवाही दे रही हैं। स्थानीय श्रद्धालु भी बहुत आए हैं।

अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार बुधवार को एक वर्ष पूरा हुआ है इस ऐतिहासिक मौके को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह छाया हुआ है। राम मंदिर ट्रस्ट ने हिंदी कैलेंडर के अनुसार 11 जनवरी 2025 को भगवान रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिक उत्सव मनाया था।

अंग्रेजी कैलेंडर के अनुसार भी दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालु अपने आराध्य के दर्शन करके अभिभूत हैं। वे खुद को भाग्यशाली मान रहे हैं। कड़ाके की ठंड पर आस्था भारी है। सुरक्षा को लेकर के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

रामलला के अंग्रेजी कैलेंडर के वार्षिक उत्सव के मौके पर रामनगरी में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा है। छह जोन और 17 सेक्टर में बांटकर रामनगरी की सुरक्षा व्यवस्था को सख्त किया गया है। जोन में राजपत्रित अधिकारियों और सेक्टर में सीओ स्तर के अधिकारी की तैनाती की गई है।

राम मंदिर परिसर में आज कोई भी विशेष कार्यक्रम नहीं हो रहा है। राम मंदिर में प्रतिदिन की दिनचर्या के अनुरूप ही पूजा- पाठ और राग भोग चल रहा है।

## 'शिक्षा, स्वास्थ्य का बजट बढ़ाए केंद्र सरकार', मिडिल क्लास के लिए केजरीवाल ने की ये मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली में सियासी उठापठक के बीच बुधवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मिडिल क्लास परिवारों के लिए अलग से मेनिफेस्टो जारी किया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हर पार्टी ने मध्यम वर्ग को दबाया है। हर चीज पर मध्यम वर्ग को टैक्स देना पड़ता है। अब तो मरने के बाद भी टैक्स देना पड़ता है। 50 फीसदी कमाई टैक्स में जा रही है। मध्यम वर्ग बहुत ज्यादा परेशान है। केजरीवाल ने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी ने मिडिल क्लास के लिए बहुत काम किया है।

**सरकारों के लिए सिर्फ एटीएम है मिडिल क्लासः केजरीवाल**



अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मिडिला क्लास टैक्स टेररिज्म का शिकार है। मिडिल क्लास वर्ग सरकारों के लिए सिर्फ एटीएम बन कर रह गया है। आज देश में मिडिल क्लास के लोगों को अपना परिवार चलाने में बहुत मुश्किलें आ रही हैं, इन सभी परेशानियों के कारण ही हर साल लाखों भारतीय देश छोड़कर विदेशों में बस रहे हैं। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने जनता के पैसे को जनता पर खर्च किया। हमने जनता के टैक्स के पैसों को शिक्षा और स्कूल पर इन्वेस्ट किया। केजरीवाल ने केंद्र सरकार से कई मांग की हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य का बजट केंद्र सरकार बढ़ाए।

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के गरीबों और मिडिल क्सास के लोगों को महंगाई की मार से बचाने के लिए आप सरकार ने बिजली-पानी मुफ़्त कर दी। हमने शानदार मोहल्ला क्लीनिक और अस्पताल बनाए और मुफ्त इलाज की व्यवस्था की। आने वाले दिनों में हम बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना लेकर आ रहे हैं। यह सब करके क्या हम कोई गुनाह कर रहे हैं?

## आज से दिल्ली में मुख्यमंत्री योगी करेंगे चुनाव प्रचार, चार दिन में 14 सभाएं करने की योजना

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बृहस्पतिवार से दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार करेंगे। पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में योगी 14 जनसभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा नेतृत्व द्वारा स्टार प्रचारक बनाने के बाद वह बृहस्पतिवार को तीन जनसभाओं में शामिल होंगे।



सूत्रों के मुताबिक सीएम दिल्ली में चार दिन में 14 सभाएं करेंगे, जिसमें खासकर यूपी और उत्तराखंड के मतदाताओं को साधेंगे। बृहस्पतिवार को उनकी किराड़ी, जनकपुरी और उत्तम नगर में जनसभा प्रस्तावित है। तत्पश्चात 28 जनवरी को मुस्तफाबाद, घोंडा, शाहदरा, पटपड़गंज में, जबकि 30 जनवरी को महरौली, आरकेपुरम, राजेंद्र नगर और छत्तरपुर में चुनावी सभाएं हैं। वहीं 1 फरवरी को पालम, बिजवासन, द्वारका में जनसभा का कार्यक्रम है।

**जनता की समस्याओं पर तत्काल लें एक्शन :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान का भरोसा दिया। वहां एक महिला के इलाज संबंधी फरियाद पर उन्होंने अफसरों से मेडिकल कॉलेज या किसी अन्य उच्च स्तरीय अस्पताल में इलाज कराने का निर्देश दिया।

## पराली और गोबर गैस से चलने वाली कार की धूम

**नई दिल्ली।** वाहन निमार्ता कंपनियां बदलते पर्यावरण को बचाने के लिए अपने आपको तैयार कर रही हैं। अब तक सीएनजी, ईवी, एथेनॉल से चलने वाली कारें बाजार में आई थीं, लेकिन अब पराली और गोबर गैस से चलने वाली कार भी आ गई है। एक निजी निमार्ता कंपनी ने इसे भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में पेश किया है। यह कार बाजार में धूम मचा रही है। इसे देखने के लिए लोगों का तांता लगा है। खास बात है कि यह कार कम लागत में सफर तय करती है। यही नहीं, कंप्रेस्ड बायो गैस से चलने पर यह कार माइलेज भी अधिक दे रही है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 23 जनवरी -2025
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम — ट्वीट का करंट

Sanjeev Sharma
5h

आज पिता जी को स्वर्गवासी हुए दो वर्ष पूर्ण हो गए है पापा जी बहुत मेहनती और धैर्यवान थे उनका पूर्ण जीवन बहुत संयमित रहा उनका पूर्ण आशीर्वाद और समर्थन हमेशा रहा आपकी बहुत याद आती है miss u papa ji



# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के सूखा कचरा निस्तारण की इंदौर में हुई तारीफ

## 13 राज्यों में लागू हो सकता है उनका बनाया प्रोजेक्ट

**- पिछले वित्तीय वर्ष में लगभग साढ़े तीन करोड़ का रेवेन्यू भी सूखा कचरा निस्तारण से निगम ने किया था जमा**





**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट इंदौर पहुंचकर गाजियाबाद में उनके प्रयास से शुरू किए गए सूखा कचरा निस्तारण की कार्य प्रणाली का डंका बजा है। इंदौर में आएएस विक्रमादित्य सिंह मलिक के इस प्रोजेक्ट और प्रेजेंटेशन को 13 राज्यों के आए निगम के अधिकारियों और कूड़ा निस्तारण प्रणाली को अपनाने वाली कंपनियों ने ध्यानपूर्वक सुना है। साथ ही इसमें रुचि भी दिखाई है। खास बात यह है कि जब नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने इंदौर में आयोजित प्रेजेंटेशन में जानकारी दी कि नगर निगम गाजियाबाद द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष में लगभग साढ़े तीन करोड़ रुपए का रेवेन्यू सूखा कचरा निस्तारण पद्धति अपना कर किया गया है। तो इसपर वहां मौजूद अतिथियों और शामिल डेली गेट्स ने ना सिर्फ ताली बजा कर स्वागत किया बल्कि इसे अपने राज्यों में अपनाने की पहल करने की सहमति भी जताई है।

### कन्याकुमारी से लेकर चंडीगढ़ तक शुरू हो सकता है सूखा कचरा निस्तारण प्रोजेक्ट

करंट क्राइम : गाजियाबाद के नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक आईएएस अधिकारी हैं। वह इससे पहले वह सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता की भूमिका भी निभा चुके हैं। अपनी बेस्ट वर्किंग और एनर्जी से भरपूर कार्यशैली के लिए वह प्रदेश के अधिकारियों में जाने जाते हैं। तो वहीं उनका सूखा कचरा निस्तारण का मैनेजमेंट इन दिनों गाजियाबाद और दिल्ली ही नहीं बल्कि अब 13 राज्यों के लिए मॉडल प्रोजेक्ट बन सकता है। इस कार्यक्रम में न सिर्फ इंदौर के अधिकारी मौजूद थे बल्कि जोधपुर, कन्याकुमारी, अलवर और चंडीगढ़ में अन्य निकायों के नगर आयुक्त भी इस कार्यक्रम में शामिल थे और वह विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा शुरू किए गए इस प्रोजेक्ट की प्रशंसा भी कर रहे थे। बता दें कि इससे पहले नगर आयुक्त दिल्ली में भी अपना प्रेजेंटेशन दे चुके हैं, जो बेहद सफल रहा था। तो वहीं उन्होंने इंदौर में भी देश के कोने-कोने से आए नगर निगम और कूड़ा मैनेजमेंट पर काम करने वाली कंपनियों के सामने सूखा कचरा निस्तारण की जो तकनीक बताई है, उसकी प्रशंसा हो रही है।

### पर्यावरण को सुधारने का भी काम कर रहा है सूखा कचरा निस्तारण प्रोजेक्ट

करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने इंदौर में आयोजित प्रेजेंटेशन के दौरान बताया है कि जिस तरीके से गाजियाबाद में कूड़ा मैनेजमेंट का यह फामूर्ला अपनाया जा रहा है, इससे न सिर्फ सिंगल यूज प्राइस प्लास्टिक से पाइप बनाने की प्रणाली को तेजी दी जा रही है। तो वहीं शहर हित के लिए व्हीकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम का सेटअप भी लगाया जा रहा है। साथ ही शहर के कूड़े को अलग-अलग स्थानों से जमा कर कर एक स्थान पर उसे पृथक किया जा रहा है। इसके साथ ही वेस्ट के निस्तारण के साथ मीथेन की गैस की मात्रा को कम करने में मदद मिल रही है। जिससे न सिर्फ पर्यावरण में सुधार होगा बल्कि लोगों के लाइफस्टाइल में भी बदलाव देखने को मिलेगा।

**मुलाकात**





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह ने उप राष्ट्रपति जगदीप धनकड़ से शिष्टाचार मुलाकात की। मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह ने कैबिनेट मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात की और शाल ओढ़ा कर सम्मान किया।

# तो क्या महानगर वाली घोषणा में हो गया है हैवीवेट पावर सेंटर का पलड़ा भारी

## कुंभ में लगाई है डुबकी और दिया है संदेश चली है किसकी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भगवा गढ़ में सियासी पिच पर जबरदस्त परिवर्तन आया है। जो एकता टोला बना था अब उसी टोले में एक-दूसरे को अपनी ताकत दिखाने का मुलाहिजा चल रहा है। शुरूआत मंडल अध्यक्षों से हुई और अब ये कहानी महानगर अध्यक्ष पद पर आ पहुंची है। बताया जाता है कि महानगर अध्यक्ष वाली घोषणा में हाईकमान चाहता था कि भगवा गढ़ के जनप्रतिनिधि ही आपसी सहमति बनाकर एक नाम तय कर दें, लेकिन हाईकमान को भगवा गढ़ में चल रहे पावर सेंटर घमासान का अंदाजा नहीं था। उन्हें यही पता था कि यहां आम सहमति बनती है, लेकिन वो इस बात से अपडेट नहीं थे कि पावर सेंटर के एक छोर पर हैवीवेट है और दूसरे छोर पर सुपर पावर सेंटर है। मंडल अध्यक्षों की घोषणा में पावर सेंटर आए और यहां हैवीवेट वाले पावर सेंटर ने अपनी पावर दिखाई। वो दस के दस मंडल अध्यक्ष अपनी पसंद के बनाकर लाए। महानगर अध्यक्ष की घोषणा में भी जबर्दस्त रस्साकशी चली है। सूत्र बताते हैं कि महानगर वाली घोषणा में हैवीवेट पावर सेंटर का पलड़ा भारी है। बताया जाता है कि सुपर पावर सेंटर ने भी महानगर अध्यक्ष के लिये नाम दिये थे। इन नामों पर मजबूती से चर्चा भी हुई। इनमें से दो नाम ओबीसी थे और इसके अलावा वैश्य और त्यागी नाम भी दिये गये थे। वहीं हैवीवेट पावर सेंटर ने भी अपनी पावर के फीडर से भाजपा के एक लीडर को करंट दिया है, उनमें ऊर्जा दी है।

सूत्र बताते हैं कि अब जो महानगर वाली घोषणा होने जा रही है उसमें हैवीवेट पावर सेंटर का पलड़ा भारी रहेगा। देखने वाले इस बात को भी समझ रहे हैं कि घोषणा से पहले उन्होंने प्रयागराज में स्नान कर लिया है। उन्होंने जिस अंदाज में कुंभी में डुबकी लगाई है उससे वो एक संदेश दे रहे हैं कि काम तो हो गया है और अब गंगा भी नहा ही ली जाए।

# गजब है भाजपा नेता की होंडा सिटी कार चोरी होने की थ्योरी पुलिस ने कर दिया खुलासा मगर हाथ आई केवल दिलासा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता दिवाकर सिंघल की होंडा सिटी कार लगभग एक महीना पहले उनके घर के बाहर से चोर ले गए थे। ये पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी और दिवाकर सिंघल ने एफआईआर दर्ज कराई थी। गाजियाबाद पुलिस इस घटना के खुलासे में लगी थी, लेकिन इस घटना का खुलासा गुलावटी पुलिस ने किया। मगर खुलासा ऐसा हुआ कि भाजपा नेता को ना कार मिली, ना सामान मिला और उन्हें केवल इतना पता चला कि उनकी कार को घर के बाहर से ले जाने वाले चोर पकड़े गए हैं।

बताते हैं कि चोरों ने भाजपा नेता दिवाकर सिंघल की कार चोरी करने के अगले दिन ही 60 हजार रुपए में बेच दी थी। कार में जो नकदी रखी हुई थी वो चोरों ने आपस में बांट ली थी। कार में रखे चेक बुक व अन्य दस्तावेज उन्होंने सड़क पर फेंक दिये थे। एक कड़ा जिसे भाजपा नेता सोने का बता रहे हैं वो उन्होंने आठ हजार रुपए में बेच दिया था और हद तो ये हुई कि कार में रखे दो जोड़ी जूते भी चोरों ने खुद पहन लिये।

कुल मिलाकर सीन ये रहा कि चोरों ने पहले घर के बाहर से कार चुराई, फिर वो कार बेच खाई और भाजपा नेता के जूते भी खुद पहनकर चले गए। दूसरे जिले की पुलिस ने कार चोर तो पकड़े, लेकिन बरामदगी एक चीज की भी नहीं हुई। इस तरह से भाजपा नेता की कार चोरी का खुलासा भी हो गया है और उन्हें दिलासा भी मिल गई।

### गाजियाबाद पुलिस ने दिखाया था क्विक रेसपोंस, मगर चोरों को पकड़ने का नहीं मिला चांस



**करंट क्राइम।** इस मामले में भाजपा नेता दिवाकर सिंघल की कार भले ही अभी बरामद नहीं हुई और पकड़े गए चोरों ने से गुलावटी पुलिस कुछ बरामद भी नहीं कर पाई है, लेकिन इस घटना में गाजियाबाद पुलिस ने क्विक रेसपोंस दिखाया है। दिवाकर सिंघल ने ही बताया कि जिस रात यह घटना हुई थी उस रात उनके फोन करने के लगभग डेढ़ मिनट के भीतर ही पुलिस की चार लैपर्ड और दो गाड़ियां मौके पर आ गई थी। पुलिस ने तत्काल एफआईआर भी दर्ज की थी और इस पूरी घटना में एसीपी सहित सभी पुलिस अधिकारियों का व्यवहार और कार्यशैली संतोषजनक रही थी। लिहाजा उन्हें गाजियाबाद पुलिस से कोई शिकायत नहीं है और उम्मीद है कि अभी इस घटना का गाजियाबाद पुलिस भी खुलासा करेगी और मामले की तह तक पहुंचेगी।

# जीडीए कराएगा गणतंत्र दिवस पर मैराथन का आयोजन

**- सामूहिक भागीदारी और देशभक्ति की भावना के साथ दौड़ेगा पूरा गाजियाबाद**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गणतंत्र दिवस पर जीडीए द्वारा मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने सभी नागरिकों को इस आयोजन में भाग लेने के लिये सादर आमंत्रित किया है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की है और कहा है कि आइए इस गणतंत्र दिवस पर मिलकर स्वास्थ्य, उत्साह और देशभक्ति का उत्सव मनाए। जीडीए द्वारा 26 जनवरी को मधुबन बापूधाम योजना के राउंड अबाउट पर विशेष मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन सुबह साढ़े दस बजे से शुरू होगा। इस मैराथन के अंतर्गत विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को विशेष पुरुस्कारों से सम्मानित किया जाएगा। विशेष रूप से सीमित संख्या में प्रतिभागियों को टीशर्ट और कैप प्रदान किये जाएंगे। इसके अलावा सभी विजेताओं को मेडल और ट्रॉफी तथा अन्य पुरस्कार प्रदान किये जाएंगे। सभी प्रतिभागियों और उपस्थित नागरिकों के लिये सूक्ष्म जलपान की भी व्यवस्था की गई है।

**25 जनवरी तक ही होंगे मैराथन के लिये पंजीकरण :** जीडीए द्वारा गणतंत्र दिवस पर आयोजित की जा रही है मैराथन में भाग लेने के लिये हैल्पलाइन सेंटर खोला गया है। इसके लिए हेल्पलाइन सेन्टर (समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 06:00) के दूरभाष नं0 0120-4418384 एवं व्हाट्सऐप नं0 9990988004 (केवल व्हाट्सऐप के लिए) पर डिटेल भेजकर एवं https://forms.gle/H5nTK2xTyGs11u6D9 पर जाकर भी पंजीकरण करा पंजीकरण दिनांक 22.01.2025 से दिनांक 25.01.2025 (दोपहर 02:00) बजे तक ही आमंत्रित किये जायेगें।

# मिल गया अदालत की अवमानना का नोटिस और अब होगा रामलीला का चुनाव!

**- दो करोड़ की कहानी में देना है मंडी वालों को भी 40 पेटी का हिसाब**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये शहर की सबसे पुरानी रामलीला है। ये सुल्लामल की रामलीला है और उसका हल्ला हमेशा राम को लेकर कम और दाम को लेकर ज्यादा मचता है। यहां चर्चा मंचन की नहीं होती, लेकिन पार्किंग का ठेका चर्चा में आ जाता है। यहां रोज का गल्ला है और इसी बात का हल्ला है। एक लंबे समय से यहां रामलीला कमेटी का चुनाव चलता आ रहा है। एक पक्ष चुनाव करवाने पर अडिग है और दूसरा पक्ष चुनाव टलवाने पर अडिग है। राम मंदिर का फैसला भले ही कोर्ट से आ गया हो मगर रामलीला वाले अभी भी कोर्ट के मुकदमें में उलझे है। रामलीला के पूर्व पदाधिकारी हाईकोर्ट में मुकदमा लड़ रहे हैं। सुल्लामल रामलीला की कहानी में नया ट्विस्ट आया है और वो ये है कि अब चुनाव कराने को लेकर हाईकोर्ट से अवमानना का नोटिस डिप्टी रजिस्ट्रार को जारी हो गया है। संदीप कुमार मित्तल ने ये आवेदन पत्र डाला था और उसमें उन्होंने विपक्षी पार्टी डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म एण्ड सोसायटी को बनाया था। इस पर सुनवाई करते हुए अब अदालत ने डिप्टी रजिस्ट्रार को नोटिस जारी किया है। वहीं रामलीला सूत्र बता रहे हैं कि अब तीन हफ्ते में चुनाव कराना होगा। नहीं तो अदालत की अवमानना का केस शुरू होगा। यहां पूरे सीन में किस्सा दो करोड़ का बताया जा रहा है। बताने वाले ये बता रहे हैं कि राम के काम में दाम का खेल हो गया है। खर्चे कुछ और हुए हैं पर्चे पर हिसाब कुछ और हुआ है और खर्चे और पर्चे के इस खेल के चर्चे शहर में हो रहे हैं। पूर्व वाले पदाधिकारी बता रहे हैं कि जब चुनाव होगा तो हिसाब भी देना ही पड़ेगा। वो मंडी वालों को भी इस पूरे मामले से जोड़ रहे हैं। उनका कहना है कि 25 पेटी, 40 पेटी किसके पास रखी गई और क्यों रखी गई इसका खुलासा होना चाहिए। 25 लाख रुपए से लेकर 40 लाख रुपए का हिसाब नहीं मिल रहा है। हालांकि ये सब आरोप पूर्व वाले लगा रहे हैं और इस मामले में अभी रामलीला कमेटी के अध्यक्ष वीरेंद्र वीरो और कोषाध्यक्ष अनिल कुमार ने अपनी बात नही रखी है। उनसे संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। मगर दूसरा पक्ष इस मामले में पूरी तरह मुखर है। उनका कहना है कि चुनाव कराने से ये कमेटी क्यों डर रही है और हिसाब देने में आनाकानी क्यों हो रही है।

### तीन मार्च तक देना है डिप्टी रजिस्ट्रार को जवाब कि क्यों नहीं कराए चुनाव

हाईकोर्ट का नोटिस आ गया और रामलीला के दो पक्षों की लड़ाई में सरकारी अधिकारी भी अब अदालत में जवाब दाखिल करेंगे। बताया जाता है कि पहले भी अदालत ने चुनाव कराने के आदेश दिये थे, लेकिन किन्हीं कारणों से ये चुनाव टल गया था। कई तकनीकी पेंच हैं। अब जो कंटेप्ट एप्लीकेशन दायर हुई है और कोर्ट ने उसपर सुनवाई की है। उसमें ये कहा गया है कि अपोजिट पार्टी डिप्टी रजिस्ट्रार फर्म सोसायटीज को जवाब दाखिल करने के लिये तीन मार्च 2025 की डेट फिक्स की गई है। उन्हें ये बताना है कि उन्होंने जो पहला ऑर्डर था उसे लागू कराने में उल्लंघन क्यों किया और क्यों ना उनके खिलाफ कंटेप्ट की कार्रवाई की जाए। यह आदेश 17 जनवरी 2025 को पारित हुआ है और अब ये माना जा रहा है कि रामलीला कमेटी का चुनाव इसी वित्त वर्ष के भीतर ही हो जाएगा।

# गणतंत्र दिवस परेड को लेकर आज और 26 जनवरी को रहेगा भारी और हल्के वाहनों का रूट डॉयवर्जन

## दिल्ली को जाने वाले गाजियाबाद के 11 स्थानों से संभलकर निकलें



यातायात पुलिस ने जारी की ट्रैफिक एडवाइजरी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की राजपथ पर मुख्य परेड होगी। ऐसे में दिल्ली की सीमा में प्रवेश करने वाले वाहनों को लेकर रूट डायवर्जन का प्लान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ट्रैफिक द्वारा जारी कर दिया गया है। वहीं गुरुवार को दिल्ली में परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल है, उसको लेकर भी यातायात पुलिस ने अलर्ट जारी किया है। पुलिस कमिश्नरेट में एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष सिंह ने एडवाइजरी जारी करते हुए जानकारी दी है कि 25 जनवरी की रात 08 बजे से 26 जनवरी की दोपहर तक कार्यक्रम समाप्ति तक गाजियाबाद से दिल्ली की सीमाओं में प्रवेश करने वाले व्यावसायिक वाहनों, हल्के, मध्य भारी वाहनों का प्रतिबंध जारी रहेगा। इसके साथ ही एक दर्जन से अधिक स्थानों पर यातायात पुलिस बैरिकेडिंग लगाने का भी काम करेगी।

### इन स्थानों पर रहेगा रूट डायवर्जन का असर



करंट क्राइम : यातायात पुलिस द्वारा एडवाइजरी जारी करते हुए बताया गया है कि 23 जनवरी और 25-26 जनवरी को है रूट डायवर्जन रहेगा। ऐसे में जो लोग दिल्ली जा रहे हैं, वह समय से निकले। साथ ही यूपी गेट गाजीपुर बॉर्डर, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे, यूपी गेट गाजीपुर बॉर्डर, सीमापुरी अप्सरा बॉर्डर, डीएलएफ भोपुरा तुलसी निकेतन, लोनी बॉर्डर, ईडीएम मॉल रोड, सूर्य नगर, शाहदरा बॉर्डर, सेवा धाम चौकी बॉर्डर लोनी, अंकुर विहार बॉर्डर, सभापुर बॉर्डर, आनंद विहार महाराजपुर बॉर्डर पर रोड डॉयवर्जन और बैरिकेडिंग की व्यवस्था रहेगी। इसके साथ ही यहां लोकल पुलिस भी सुरक्षा के लिए तैनात की जाएगी।

# सपाई हो रहे हैं फुल एक्टिव, लोनी के बाद चांदमारी की घटना को लेकर सौंपा ज्ञापन

## एडीएम सिटी को ज्ञापन सौंपकर लोनी और विजयनगर मामले में मदद मांगी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** समाजवादी पार्टी इन दिनों जिले और महानगर की टीमों के साथ एक्टिव मोड में आ गई है। बीते दिनों लोनी के कंचन पार्क इलाके में भीषण अग्नि हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की दर्दनाक मौत के मामले को लेकर जहां मंगलवार को समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष फैजल हुसैन और महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल लोनी पहुंचा था। तो वहीं बीते दिनों विजय नगर की चांदमारी में बेघर पीड़ितों की दास्तान सुनने के लिए भी सपा के नेता मौके पर पहुंचे थे। वहीं चांदमारी बस्ती में एक मासूम बच्ची की मौत के मामले को लेकर भी समाजवादी पार्टी लगातार अपना विरोध जाहिर कर रही है। इसी क्रम में बुधवार को समाजवादी पार्टी के महानगर और जिला इकाई के पदाधिकारियों ने एडीएम सिटी गंभीर सिंह को ज्ञापन सौंपा है। इस ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि अग्नि दुर्घटना के मृतकों के परिजनों को पांच-पांच रुपए का मुआवजा प्रशासन द्वारा दिया जाए। इसके लिए जिलाधिकारी को ज्ञापन भी भेजा गया है।

### विपक्ष ने दोनों दुर्घटनाओं पर उठाई है जमकर आवाज

करंट क्राइम : समाजवादी पार्टी के महानगर और जिलाध्यक्ष इन दिनों अपनी टीम के साथ एक्टिव मोड में हैं। वह लगातार जनता से जुड़े मामलों और दुर्घटनाओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए पार्टी के पदाधिकारियों को साथ लेकर चलने का काम कर रहे हैं। तो ज्ञापन और शिकायत वाली कार्रवाई भी जमकर कर रहे है। बुधवार को जिलाध्यक्ष सपा फैजल हुसैन व महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, महानगर सचिव राजन कश्यप, प्रदेश सचिव धर्मवीर डबास, पूर्व महान अध्यक्ष जेपी कश्यप, वरिष्ठ सपा नेता रमेश यादव, महानगर उपाध्यक्ष गुलाब यादव, जिलाअध्यक्ष युवाजनसभा जीतू शर्मा, लोहिया वाहिनी जिला अध्यक्ष असलम कुरैशी, लोनी विधानसभा अध्यक्ष जितेंद्र गुर्जर, महानगर अध्यक्ष महिला सभा किरण कालिया, प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ताहिर हुसैन, सचिव जिला नानक चंद प्रजापति सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने ज्ञापन कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराई।

## संपादकीय

# वैश्विक अनिश्चितता?

यह सही है कि आंतरिक व्यवस्था के हिसाब से माहौल काफी संतुलित था लेकिन दूसरी बार राष्ट्रपति बनने के बाद डॉनल्ड ट्रंप ने जो आरंभिक भाषण दिया वह भी 2017 के भाषण जैसा ही था। इसमें भी अमेरिका को प्राथमिकता देने वाले एजेंडे को बढ़ावा देने की बात कही गई और अमेरिका तथा शेष विश्व को यह संकेत दिया गया कि 47वें राष्ट्रपति के रूप में उनका कार्यकाल भी 45वें राष्ट्रपति के रूप में पिछले कार्यकाल की तरह ही उथलपुथल भरा होगा।

छह जनवरी, 2021 को जिस कैपिटल पर उनके समर्थकों ने हमला किया था वहीं से दिए उनका गलतियों से भरा भाषण दोबारा अमेरिका को महान बनाने यानी मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मागा) के दावों पर आधारित था। उनके समर्थकों ने भी बार-बार खड़े होकर तालियां बजाई और उनका उत्साह बढ़ाया।

**ट्रंप ने चार साल पहले कैपिटल हिल पर हमले के सभी आरोपियों को क्षमादान की घोषणा करके अपने प्रशासन की प्रकृति जाहिर कर दी है। उन्होंने अपने सत्ता में आने को एक स्वर्ण युग की शुरूआत के रूप में पेश किया।**

ट्रंप को उनके इरादों के लिए सबसे लंबी और सबसे तेज सराहना मिली। उन्होंने एक कार्यकारी आदेश जारी करके दक्षिणी सीमा पर राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा कर दी है। वहां से अवैध प्रवासियों को वापस भेजने के लिए सैनिक तैनात किए जा रहे हैं। इसका असर भी नजर आने लगा है। आवेदकों के साक्षात्कार के लिए उनकी निर्धारित मुलाकातों को ट्रंप के पद संभालने के कुछ समय के भीतर ही रद्द किया जाने लगा।

ट्रंप ने अश्वेत और हिस्पैनिक समुदायों का भी धन्यवाद किया क्योंकि उन्होंने 2020 की तुलना में इस चुनाव में उनके लिए बढ़चढ़कर मतदान किया। यह डेमोक्रेटिक पार्टी को उनका संदेश था। हालांकि इस बीच उनके प्रशासन ने यह घोषणा की कि वह विविधता, समता और समावेशन के कार्यक्रम को रद्द करेगा। यह ट्रंप की इस घोषणा के अनुरूप ही है कि उनका प्रशासन नस्ल निरपेक्ष और योग्यता पर आधारित होगा। जन्म के आधार पर नागरिकता समाप्त करने की उनकी कोशिश भी इसी एजेंडे का हिस्सा है। हालांकि विशेषज्ञ कहते हैं कि यह कानूनी रूप से स्वीकार्य नहीं है।

दुनिया तापमान में असाधारण बढ़ोतरी का सामना कर रही है और ऐसे में ट्रंप का ग्रीन न्यू डील को खत्म करने और इलेक्ट्रिक वाहन की अनिवार्यता को समाप्त करने का फैसला भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं है। हालांकि ऐसी कोई अनिवार्यता नहीं है बल्कि केवल उत्सर्जन संबंधी नियमन हैं लेकिन जीवाश्म ईंधन पर नए सिरे से दिए जा रहे जोर की अनदेखी नहीं की जा सकती है।

मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए तेल एवं गैस के उत्पादन से नियंत्रण हटाने की ट्रंप की घोषणा भी इससे संबंधित है। उन्होंने ईंधन की कीमतों में कमी लाने के लिए ह्यड्रिल बेबी ड्रिलह्ल यानी और अधिक खुदाई करने पर जोर दिया। वैश्विक स्तर पर ईंधन की कीमतों में कमी भारत जैसे आयातकों के लिए मददगार होगी। बहरहाल, दूसरा पक्ष यह है कि उन्होंने एक बार फिर पेरिस जलवायु परिवर्तन समझौते तथा विश्व व्यापार संगठन से अलग होकर अपनी अलग राह पर चलने की बात जाहिर की। दोनों कदम भारत जैसे विकासशील देशों पर बुरा असर डालेंगे। ट्रंप ने अन्य देशों पर टैरिफ और कर बढ़ाने के अपने इरादे भी दोहराए।

# आईटी शेयरों के दम पर उछला शेयर बाजार, सेंसेक्स में 566 अंक की बढ़ोतरी



**मुंबई, 22 जनवरी।** भारतीय शेयर बाजार के लिए बुधवार का कारोबारी सत्र मुनाफे वाला रहा। बाजार के मुख्य सूचकांकों में खरीदारी देखी गई। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 566 अंक या 0.73 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,404 और निफ्टी 130 अंक या 0.57 प्रतिशत बढ़कर 23,155 पर था।

बाजार में तेजी की वजह आईटी शेयरों में खरीदारी होना था। इन्फोसिस 3.16 प्रतिशत, टीसीएस 2.97 प्रतिशत और टेक महिंद्रा 2.28 प्रतिशत की बढ़त के साथ सेंसेक्स के टॉप तीन गेनर्स थे। वहीं, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, एसबीआई और एनटीपीसी टॉप लूजर्स थे।

लार्जकैप की तुलना में मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में गिरावट हुई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 721 अंक या 1.34 प्रतिशत की गिरावट के साथ 53,113 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 283 अंक या 1.63 प्रतिशत गिरकर 17,172 पर बंद हुआ।

व्यापक बाजार का रुझान नकारात्मक था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,153 शेयर हरे निशान में और 2,791 शेयर लाल निशान में और 115 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। गिरने वाले शेयरों की संख्या अधिक होने के कारण बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केट 3 लाख करोड़ रुपये गिरकर 421 करोड़ रुपये रह गया है, जो कि मंगलवार को 424 लाख करोड़ रुपये पर था।

आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा और प्राइवेट बैंक सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। ऑटो, पीएसयू बैंक, एफएमसीजी, रियल्टी और एनर्जी इंडेक्स में दबाव देखा गया।

एलपीके सिक्योरिटीज में तकनीकी विश्लेषक, वत्सल भुव ने कहा कि निफ्टी ने बुधवार को अपने पिछले सत्र के निचले स्तर 22,980 पर सपोर्ट लिया है और तेजी दिखाई। ऐसे में निफ्टी के 23,350 तक जाने की उम्मीद है। अगर तेजी जारी रहती है तो यह 23,500 तक भी जा सकता है। निफ्टी के लिए 23,000 एक मजबूत सपोर्ट के रूप में कार्य करेगा। वहीं, 23,350 से लेकर 23,400 एक रुकावट का जोन होगा।

# किसानों को बड़ा तोहफा
## कच्चे जूट की एमएसपी बढ़ाई



**नई दिल्ली, 22 जनवरी।** पीएम मोदी के नेतृत्व में बुधवार को केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। इस दौरान कई बड़े फैसले लिए गए हैं। केंद्र सरकार ने कच्चे जूट के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 315 रुपये की बढ़ोतरी की है, 2025-26 के विपणन सत्र के लिए इसे 5,650 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

इसके अलावा, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) को पांच वर्षों के लिए जारी रखने की मंजूरी दे दी है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए फैसलों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि कैबिनेट में आज दो महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। पहला रॉ जूट की एमएसपी को लेकर है। कैबिनेट ने कच्चे जूट के लिए एमएसपी 5,650 रुपये प्रति क्विंटल (विपणन सीजन 2025-26 के लिए) को मंजूरी दे दी है।

पीयूष गोयल ने आगे कहा कि मोदी सरकार सीएसीपी की सिफारिशों के आधार पर लगातार एमएसपी बढ़ा रही है। जब से एमएसपी को 50 फीसदी से ज्यादा तय करने का फैसला लिया गया है, तब से इसका विधिवत पालन किया जा रहा है। इसके आधार पर 2025-26 सीजन के लिए कच्चे जूट के एमएसपी में लगभग 6 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारत में जूट के कम उत्पादन पर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा, ₹उत्पादन का फैसला किसानों के अपने हितों के आधार पर होगा। जूट का उत्पादन कई तरह की स्थितियों पर आधारित है और इसे एक टिकाऊ उत्पाद के रूप में स्वीकृति मिल रही है।

# लक्ष्य हासिल करने में रोबोटिक्स निभाएगा बड़ी भूमिकाः नरोत्तम साहू

**अहमदाबाद, 22 जनवरी।** गुजरात विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद में सलाहकर नरोत्तम साहू ने बुधवार को कहा कि 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए रोबोटिक्स की अहम भूमिका होगी।



**इस बार अंडरवाटर रोबोट की कैटेगरी भी रोबोफेस्ट में जोड़ी गई है। -साहू**

साहू ने कहा कि इस बार अंडरवाटर रोबोट की कैटेगरी भी रोबोफेस्ट में जोड़ी गई है। इस तरह के रोबोट का इस्तेमाल पानी के अंदर राहत-बचाव कार्य करने, रिस्क ऑपरेशन और ऐसे कार्य करने के लिए किया जाता है, जो मानव के द्वारा संभव नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि 19 बड़ी संस्थाओं की टीमें यहां अपने प्रोजेक्ट दिखा रही हैं। छात्रों की भी इस इवेंट में बढ़-चढ़कर भागीदारी देखने को मिल रही है। इस प्रतियोगिता में फर्स्ट प्राइज 10 लाख रुपये, सेकंड प्राइज 7.5 लाख रुपये और थर्ड प्राइज 5 लाख रुपये रखा गया है। प्रतियोगिता का कुल प्राइज पूल 5 करोड़ रुपये है।

गुजरात विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा आयोजित रोबोफेस्ट गुजरात 4.0, भारत की सबसे बड़ी रोबोटिक्स प्रतियोगिता है। इसमें अपने रोबोट प्रोटोटाइप को दिखाने के लिए देश भर की बड़ी यूनिवर्सिटी के तकनीकी पढ़ाई करने वाले छात्र भाग ले रहे हैं। 24 जनवरी, 2025 को गुजरात साइंस सिटी, अहमदाबाद में ग्रैंड फिनाले में विजेताओं की घोषणा की जाएगी। इस प्रतियोगिता में सात रोबोटिक्स कैटेगरी को रखा गया है, जिसमें हेक्सापॉड रोबोट, रोवर्स, स्वार्म रोबोट, टू-व्हील सेल्फ-बैलेंसिंग रोबोट, फन रोबोटिक्स-मेज सॉल्वर, सबमरीन और अंडरवाटर रोबोट और एप्लीकेशन-आधारित रोबोट शामिल हैं। यह प्रतियोगिता प्रतिभाशाली दिमागों को प्रदर्शित करने और इनोवेशन एवं उद्यमशीलता की भावना को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करती है।

इस प्रतियोगिता में पंजीकृत हुई 1,284 टीमों में से 169 टीमों को लेवल एक के विजेताओं के रूप में चुना गया है, जिनमें से प्रत्येक को 50,000 रुपये मिले हैं। इसमें से 100 टीमें प्रोटोटाइप चरण में आगे बढ़ी हैं, जिन्हें सामूहिक रूप से 2 करोड़ रुपये की राशि दी गई है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक ? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

ऑफलाइन रहता हूं तो सिर्फ दाल, रोटी, नौकरी एवं परिवार की ही चिंता रहती है
ऑनलाइन होते ही धर्म, समाज, राजनीति, देश, विश्व और पूरे ब्रह्माण्ड की चिंताएं होने लगती है : आम भारतीय नागरिक

---

ये वो दौर है जनाब जहां इंसान गिर जाये तो हँसी निकल जाती है और मोबाईल गिर जाये तो जान निकल जाती है

---

दो लड़कियां बस में सीट के लिए लड़ रही थीं
कंडक्टर- अरे क्यों लड़ रही हो,
जो उम्र में सबसे बड़ी है वो बैठ जाए
फिर क्या, पूरे रास्ते दोनों खड़ी ही रहीं

---

महिला- डॉक्टर साहब, मेरे पति नींद में बातें करने लगे हैं! क्या करूँ?
डॉक्टर- उन्हें दिन में बोलने का मौका दीजिए!

# भारत में लोग खरीद रहे बड़े फ्लैट, 2024 में औसत साइज 8 प्रतिशत बढ़ा



**मुंबई, 22 जनवरी।** भारत में अब लोग पहले के मुकाबले बड़ा फ्लैट खरीदना पसंद कर रहे हैं। दरअसल, 2024 में देश के शीर्ष सात शहरों में औसत फ्लैट का साइज 8 प्रतिशत बढ़कर 1,540 स्क्वायर फीट हो गया है, जो कि 2023 में 1,420 स्क्वायर फीट था। यह जानकारी बुधवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।

एनारॉक ग्रुप ने कहा कि 2024 में नेशनल कैपिटल रीजन (एनसीआर) में औसत फ्लैट साइज 29 प्रतिशत बढ़कर 2,435 स्क्वायर फीट हो गया है, जो कि 2023 में 1,890 स्क्वायर फीट था। इसकी वजह लग्जरी घरों की आपूर्ति बढ़ना है। रिपोर्ट में बताया गया कि 2019 में देश के शीर्ष सात शहरों में औसत फ्लैट का साइज 1,145 स्क्वायर फीट था। इसमें पिछले छह वर्षों में 34 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

एनारॉक ग्रुप के चेयरमैन अनुज पुरी के अनुसार, यह उछाल मुख्य रूप से पिछले एक साल में एनसीआर में नए लग्जरी हाउसिंग सप्लाई में हुई बढ़ोतरी के कारण है। उन्होंने आगे कहा, यहां के डेवलपर्स मांग पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और उसके मुताबिक प्रोडक्ट्स तैयार कर रहे हैं। यही वजह है कि एनसीआर में 1.5 करोड़ रुपये और उससे ज्यादा कीमत वाले घरों में नई आपूर्ति में वृद्धि देखी गई है।

2023 में लॉन्च की गई कुल 36,735 इकाइयों में से, लग्जरी सेगमेंट की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी। 2024 में एनसीआर में लॉन्च की गई 53,000 इकाइयों में से इस सेगमेंट की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत थी। 2019 में मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में औसत फ्लैट का आकार 784 स्क्वायर फीट था और 2024 में 8 प्रतिशत बढ़कर 849 स्क्वायर फीट हो गया। 2020 के बाद एमएमआर में औसत आकार 2024 में सबसे अधिक 849 स्क्वायर फीट था।

अन्य दक्षिणी शहरों जैसे चेन्नई और बेंगलुरु में औसत फ्लैट का आकार 2024 में क्रमशः 1,445 और 1,660 स्क्वायर फीट था।

## रोचक तथ्यों का करंट

- यह अभी भी हर साल 35-55 किलोग्राम अंगूर और 100 बोतलों (250 एमएल प्रत्येक) का उत्पादन करती है।
- अंगूर दिल के दौरे के जोखिम को कम करने में मदद करते हैं क्योंकि वे खून में नाइट्रिक एसिड के स्तर में वृद्धि करते हैं जो रक्त के थक्कों को रोकता है।
- अंगूर फ्रूट के मीठे और खट्टे स्वाद आपके मनोदशा को दुरुस्त करते हैं और आपको तनाव और अवसाद मुक्त बनाते है।
- क्या आप जानते हैं? नवीनतम वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चलता है कि कॉनकॉर्ड के रूप में जाने जाने वाले बैंगनी रंग के अंगूर से प्राप्त रस से, स्तन कैंसर के विकास को रोका जा सकता है।
- अंगूर और किशमिश कुत्तों के लिए गंभीर रूप से विषाक्त हैं और तीव्र गुर्दा की विफलता का कारण बन सकता है। अंगूर खाने के कुछ घंटो के बाद, कुत्ते को उल्टी, दस्त, अत्यधिक प्यास, अत्यधिक पेशाब और सुस्ती हो सकती है। और तो और इसका कोई विषहर औषध नहीं है! इसलिए कुत्तों को अंगूर कभी ना खिलाएं!
- क्या आप जानते हैं? ऑस्ट्रेलिया प्रति वर्ष 1.4 अरब लीटर वाइन का उत्पादन करता है।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# 2025 सीजन में रैंकिंग में बड़ा सुधार चाहते हैं किदांबी श्रीकांत

**नई दिल्ली ।** पूर्व विश्व नंबर 1 और विश्व चैंपियनशिप रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत ने 2025 सीजन के लिए अपनी योजनाओं को साझा करते हुए कहा कि उनका लक्ष्य रैंकिंग में शीर्ष 25 में वापस आना है और आगामी टूनार्मेंटों में अच्छा प्रदर्शन करने पर उनका ध्यान केंद्रित है।



पिछले साल नवंबर में हैदराबाद में स्टाइलिस्ट श्रव्या वर्मा से शादी करने वाले श्रीकांत का पिछला सीजन अच्छा नहीं रहा। वह पिछले साल ओलंपिक में भी हिस्सा नहीं ले पाए थे। 2024 में 14 टूनार्मेंटों के दौरान, वह छह स्पधाओं के पहले दौर में बाहर हो गए और तीन बीडब्ल्यूएफ स्पधाओं में दूसरे दौर में हार गए।

श्रीकांत, जो वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 45वें स्थान पर हैं, ने आईएएनएस से कहा, 2025 में (मेरा लक्ष्य) निश्चित रूप से फिर से कम से कम शीर्ष 20-25 (रैंकिंग में) में वापस आना होगा और फिर टूनार्मेंट जीतने की कोशिश करनी होगी तथा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी के लिए 2025 सत्र की शुरूआत अच्छी नहीं रही, क्योंकि उन्हें इंडिया ओपन, सुपर 750 इवेंट के पहले दौर में ही बाहर होना पड़ा, क्योंकि उन्हें चीन के शीर्ष वरीयता प्राप्त शि युकी और इंडोनेशिया के आठवें वरीयता प्राप्त एंथनी गिंटिंग के हटने के कारण मुख्य ड्रॉ में देर से प्रवेश मिला था। हालांकि, मंगलवार को शुरू हुए इंडोनेशिया मास्टर्स में श्रीकांत को क्वालीफिकेशन राउंड में साथी भारतीय आयुष शेट्टी के हाथों सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा और वह मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने में असफल रहे। हाल ही में, बाई ने राष्ट्रीय टीम के साथ काम करने के लिए मलेशियाई युगल विशेषज्ञ टैन किम हर्र को नियुक्त किया है। लेकिन पिछले तीन सालों में पुरुष एकल में, परुपल्ली कश्यप और आरएमवी गुरुसाईदत्त जैसे शीर्ष भारतीय नाम पूर्णकालिक कोचिंग में चले गए हैं, जो एचएस प्रणय, श्रीकांत और प्रियांशु राजावत जैसे शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं ।राष्ट्रीय सेटअप में विदेशी कोचों का होना कितना फायदेमंद है, इस बारे में बात करते हुए, श्रीकांत, जिन्होंने 2023 में इंडोनेशिया के विम्पी महारदी को निजी कोच के रूप में नियुक्त किया था, ने कहा, तो अभी तक, पुरुष एकल के लिए कोई विदेशी कोच नहीं है। केवल एक कोच आया है। टैन किम हर्र युगल के लिए, लेकिन अगर पुरुष एकल के लिए कोई विदेशी कोच आता है और अगर उसे हैदराबाद के राष्ट्रीय केंद्र में रखा जाता है।

# ऑस्ट्रेलियन ओपन: शेल्टन ने सोनेगो को हराकर दूसरे ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**मेलबर्न ।** अमेरिकी युवा खिलाड़ी बेन शेल्टन, बुधवार को लोरेंजो सोनेगो के खिलाफ एक संघर्षपूर्ण जीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम चार में पहुंच गए, जो उनके करियर का दूसरा ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल है।



22 वर्षीय अमेरिकी, जो 2023 में अपने घरेलू मेजर में अंतिम चार में पहुंचे थे, मेलबर्न में रॉड लेवर एरिना में 6-4, 7-5, 4-6, 7-6(4) की जीत के बाद खिताब से दो जीत दूर हैं।

एटीपी के अनुसार, शेल्टन फ्रांसेस टियाफो के बाद कई प्रमुख सेमीफाइनल में पहुंचने वाले दूसरे सक्रिय अमेरिकी व्यक्ति हैं, और टॉमी पॉल के बाद ऑस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल में पहुंचने वाले अपने देश के दूसरे सक्रिय खिलाड़ी हैं।

बेसलाइन से शेल्टन के धैर्य ने पहले दो सेटों में रंग दिखाया, क्योंकि अमेरिकी खिलाड़ी ने अपने बाएं हाथ के फोरहैंड को कुशलता से इस्तेमाल करने और नेट पर फिनिश पॉइंट बनाने के लिए अपने पलों को चुना।

मैच का मुख्य आकर्षण दूसरे सेट की शुरूआत में हुआ, जब सोनेगो ने डाइविंग ड्रॉप वॉली के साथ ब्रेक पॉइंट बचाया, जो नेट के उनके हिस्से में वापस आ गया। शेल्टन, जो स्पष्ट रूप से स्तब्ध थे, ने हाथ मिलाया और सोनेगो तालियों की गड़गड़ाहट का आनंद ले रहे थे।

जबकि दोनों खिलाड़ियों के पास पहले दो सेटों में कई ब्रेक पॉइंट के अवसर थे, तीसरे सेट में तब तक कोई ब्रेक पॉइंट नहीं था जब तक कि शेल्टन ने अपना अंतिम सर्विस गेम नहीं खो दिया, जिससे सेट उनके प्रतिद्वंद्वी को मिल गया।

चौथे सेट में, ऐसा लग रहा था कि मैच सोनेगो के पक्ष में जा रहा था, लेकिन शेल्टन ने गति में किसी भी बदलाव को रोकने के लिए छठे गेम में एक ब्रेक पॉइंट को महत्वपूर्ण रूप से बचाया।

22 वर्षीय खिलाड़ी ने जीत को सुनिश्चित करने के लिए टाई-ब्रेक में छलांग लगाने से पहले अपना समय बिताया। अमेरिकी खिलाड़ी शुक्रवार को सेमीफाइनल में मौजूदा चैंपियन जैनिक सिनर या घरेलू पसंदीदा एलेक्स डी मिनौर का सामना करेंगे। शेल्टन ने कहा, अगर यह घरेलू पसंदीदा एलेक्स डी मिनौर सेमीफाइनल में है।

# सऊद शकील, नोमान अली ने आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में बड़ी बढ़त हासिल की

**दुबई ।** पाकिस्तान के बल्लेबाज सऊद शकील और बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली ने मुल्तान में पहले टेस्ट में वेस्टइंडीज पर 127 रन की जीत के बाद आईसीसी पुरुष टेस्ट रैंकिंग में बड़ी बढ़त हासिल करते हुए शीर्ष 10 में जगह बनाई।



पहली पारी में 84 रन बनाने वाले शकील (753 रेटिंग अंक) बल्लेबाजी सूची में तीन रैंकिंग स्थान चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जो ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ (746, 9वें) और भारत के ऋषभ पंत (739, 10वें) से ऊपर है ।कप्तान शान मसूद दूसरी पारी में अर्धशतक बनाने के बाद तीन पायदान ऊपर चढ़कर 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं। पहली पारी में उपयोगी 71 रन बनाने वाले मोहम्मद रिजवान दो पायदान ऊपर चढ़कर 17वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

इंग्लैंड के जो रूट (895) और हैरी ब्रूक (876) की जोड़ी न्यूजीलैंड के अनुभवी केन विलियमसन (867) से आगे दुनिया के शीर्ष दो टेस्ट बल्लेबाज बने हुए हैं। गेंदबाजी सूची में बाएं हाथ के स्पिनर नोमान 39 रन देकर पांच और 42 रन देकर एक विकेट लेने के बाद दो पायदान ऊपर चढ़कर करियर के सर्वश्रेष्ठ नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि ऑफ स्पिनर साजिद खान 65 रन देकर चार और 50 रन देकर पांच विकेट लेने के बाद करियर के सर्वश्रेष्ठ 23वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 908 अंकों के साथ निर्विवाद रूप से नंबर 1 गेंदबाज के रूप में गेंदबाजी सूची में अपना दबदबा बनाए हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस (841) और दक्षिण अफ्रीका के कैगिसो रबाडा (837) शीर्ष तीन में शामिल हैं। इस बीच, लेग स्पिनर अबरार अहमद ने भी मुल्तान में पांच विकेट लेने का फायदा उठाया है, क्योंकि पाकिस्तान के स्पिनरों ने वेस्टइंडीज के सभी 20 विकेट लिए। अबरार छह पायदान ऊपर चढ़कर 52वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जो उनके करियर के सर्वश्रेष्ठ 46वें स्थान से छह पायदान नीचे है।

वेस्टइंडीज के स्पिनर जोमेल वारिकन ने भी अपने पहले टेस्ट मैच में 10 विकेट लेने के बाद करियर का सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल किया। बाएं हाथ के वारिकन बुधवार को जारी पुरुषों की रैंकिंग में 12 पायदान ऊपर चढ़कर 41वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# स्वीयाटेक ने नवारो को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**मेलबर्न ।** विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक बुधवार को 2022 यूएस ओपन जीतने के बाद से रौलां गैरो के बाहर अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में पहुंच गईं।



पांच बार की प्रमुख चैंपियन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टर फाइनल में 89 मिनट में नंबर 8 एम्मा नवारो को 6-1, 6-2 से आसानी से हराया।

स्वीयाटेक ने 2022 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना पहला हार्ड-कोर्ट ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल खेला, जहां वह डेनियल कोलिन्स से हार गईं।

स्वीयाटेक ने रैली को नियंत्रित करने और नवारो को कोर्ट के चारों ओर घुमाने के लिए अपने आक्रामक खेल का उपयोग किया। पहला सेट केवल 35 मिनट में जीतने के बाद, स्वीयाटेक को दूसरे सेट की शुरूआत में अधिक लगातार दबाव का सामना करना पड़ा।

नवारो, जो लगातार तीसरे ग्रैंड स्लैम क्वार्टरफाइनल में प्रतिस्पर्धा कर रही थीं, ने मैच का पहला ब्रेक प्वाइंट अर्जित किया, जबकि स्वीयाटेक 2-2 पर सर्विस कर रही थीं। हालांकि, स्वीयाटेक ने उस अवसर को मिटा दिया और अगले गेम में वापसी की।

कुल मिलाकर, नवारो दूसरे सेट में स्वीयाटेक को उनके तीन सर्विस गेम में ड्यूस करने में सक्षम थीं।

# चैंपियंस ट्रॉफी में अफगानिस्तान का बहिष्कार समस्या का हल नहीं : बटलर

**कोलकाता ।** अगले महीने चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड की अफगानिस्तान के साथ होने वाली भिड़ंत पर इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने कहा है कि उन्हें नहीं लगता कि अफगानिस्तान का बहिष्कार करना समस्या का समाधान है।

26 फरवरी को लाहौर में खेला जाने वाला यह मुकाबला लेबर पार्टी से सांसद टोनिया एंटोनियाजी द्वारा ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गोल्ड को लिखे पत्र के बाद 2021 से ही महिलाओं पर खेल में भागीदारी लेने पर प्रतिबंध लगा हुआ है। पत्र में कहा गया था कि बहिष्कार से यह संदेश स्पष्ट तौर पर जाएगा कि इस तरह के अमानवीय व्यवहार को किसी भी परिस्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। हालांकि गोल्ड ने इस मांग को अस्वीकार करते हुए कहा कि इस मामले में अलग-अलग देशों की एकतरफा कार्रवाई के बजाय आईसीसी के नेतृत्व में तमाम देशों के बीच सामंजस्य स्थापित कर कोई



राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है, जिसमें कहा गया था कि अफगानिस्तान में 14 मिलियन महिलाएं सत्तारूढ़ तालिबान द्वारा भेदभाव का शिकार हो रही हैं।

एंटोनियाजी द्वारा लिखे पत्र में 160 ब्रिटिश सांसदों ने भी हस्ताक्षर किए थे और उसमें इंग्लैंड के खिलाड़ियों से तालिबान के तहत अफगानिस्तान में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार और दुर्व्यवहार पर बोलने के लिए आग्रह किया गया था। अफगानिस्तान में फैसला लेने की आवश्यकता है। गोल्ड के इस रुख का ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर और खेल और संस्कृति सचिव लीजा नैंडी ने भी समर्थन किया। प्रधानमंत्री स्टार्मर ने इस संबंध में आईसीसी के स्वयं के नियम लागू किए जाने का आग्रह किया था ।भारत के खिलाफ पहले टी20 से पूर्व बटलर ने कहा कि इस मामले में उनकी टीम का नेतृत्व विशेषज्ञ करेंगे, हालांकि मैच के तय कार्यक्रम के अनुसार खेले जाने की उम्मीद भी जताई।

# दुबई कैपिटल्स के सहायक कोच मुनाफ पटेल ने डेजर्ट वाइपर्स के अजेय क्रम को रोकने का श्रेय गेंदबाजों को दिया

**दुबई ।** दुबई कैपिटल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डेजर्ट वाइपर्स के अजेय क्रम को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में छह विकेट की जीत से रोक दिया। यह जीत शानदार गेंदबाजी के जरिए हासिल हुई, जिसमें दुष्मंथा चमीरा और जहीर खान ने तीन-तीन विकेट लेकर वाइपर्स को 139 रन पर रोक दिया।



पूर्व भारतीय क्रिकेटर मुनाफ पटेल, जो अब दुबई कैपिटल्स के सहायक कोच हैं, ने टीम के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया। हमारा हालिया फॉर्म थोड़ा खराब रहा था, लगातार तीन हार के साथ, लेकिन आज हमारे गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। जब से हमने गेंदबाजी शुरू की, पिच की स्थिति हमारे पक्ष में रही।

दुबई कैपिटल्स रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में अपने अगले मैच में अबू धाबी नाइट राइडर्स का सामना करते हुए अपनी जीत की लय को बरकरार रखना चाहेंगे। इस महत्वपूर्ण जीत से टीम का मनोबल बढ़ा है, कैपिटल्स का लक्ष्य टूनार्मेंट की स्टैंडिंग में ऊपर चढ़ना और प्लेऑफ की दौड़ में अपनी स्थिति सुरक्षित करना है।

टीम की रणनीति पर विचार करते हुए, पटेल ने कहा, हमने अपने खिलाड़ियों को खुद को अभिव्यक्त करने की पूरी स्वतंत्रता दी, चाहे वह रन बनाने की बात हो या स्ट्राइक रोटेट करने की। हमें अपनी बल्लेबाजी की गहराई पर भरोसा था, जिसमें तीन सक्षम बल्लेबाज अभी भी रिजर्व में थे। आज की जीत सिर्फ उनकी लकीर को तोड़ने के बारे में नहीं थी; यह हमारी योजनाओं को पूरी तरह से क्रियान्वित करने के बारे में थी।

# घरेलू मुकाबले में हमें युवाओं को तैयार करने में मदद मिलेगी: रोहित राजपाल

**नई दिल्ली ।** भारत के डेविस कप कप्तान रोहित राजपाल के अनुसार, भविष्य के डेविस कप सितारों को तैयार करने के लिए घरेलू मुकाबले से बेहतर कुछ नहीं है और टोगो के खिलाफ आगामी मुकाबला ऐसा करने का एक अच्छा अवसर है।



डेविस कप, जो 1-2 फरवरी को खेला जाएगा, की पांच सदस्यीय टीम में शशिकुमार मुकुंद, रामकुमार रामनाथन, करण सिंह, एन.श्रीराम बालाजी और ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली शामिल हैं। भारत के शशिकुमार मुकुंद 368वें नंबर पर इस मुकाबले में सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी होंगे।

लखनऊ में मोरक्को के खिलाफ खेलने के बाद वे टीम में वापसी कर रहे हैं। कप्तान राजपाल इस बात से खुश हैं कि भारत को 2024 के अपने दोनों मैच घर से बाहर खेलने के बाद घर पर खेलने का मौका मिलेगा। भारत के पिछले पांच मुकाबलों में से चार मुकाबले घर से बाहर खेले गए हैं।

जिसमें इस्लामाबाद में पाकिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक मैच भी शामिल है। राजपाल, जो डीएलटीए के अध्यक्ष भी हैं, ने कहा, घरेलू परिस्थितियों में खेलना हमेशा फायदेमंद होता है। हमने पिछले दो-तीन सत्रों में बहुत यात्रा की है। अगर सुमित नागल खेलते तो डीएलटीए के धीमे, कठोर कोर्ट आदर्श होते, लेकिन फिर भी, परिस्थितियाँ हमारे अनुकूल होंगी। अगर हमें पहले से पता होता कि सुमित इससे बाहर हो जाएगा, तो शायद घास के कोर्ट का विकल्प चुना जा सकता था।

थॉमस स्टोडजी इस प्रतियोगिता में टोगो के प्रमुख खिलाड़ी होंगे, टोगो ने लातविया, इंडोनेशिया और बेनिन के खिलाफ तीन जीत दर्ज की हैं। राजपाल ने आगे कहा, मैं यह नहीं कहूंगा कि यह हमारे लिए आसान होगा, लेकिन यह मुकाबला हमें डेविस कप के माहौल में अगली पीढ़ी के खिलाड़ियों को तैयार करने का विकल्प देगा और घर पर खेलते हुए।

# रणजी ट्रॉफी: रहाणे को रोहित से है बड़ी पारी की उम्मीद

**मुंबई ।** मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे को उम्मीद है कि रोहित शर्मा रणजी ट्रॉफी में अपनी वापसी पर बड़ी पारी खेलेंगे। पिछले कुछ समय से रोहित टेस्ट प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और उन्होंने पिछली 15 पारियों में 10.93 की औसत से 164 रन ही बनाए हैं।





रोहित ने अब घरेलू क्रिकेट में वापसी की है और वह इंग्लैंड की वनडे सीरीज के चलते एक राउंड के लिए उपलब्ध रहेंगे। रोहित के अलावा ऋषभ पंत, शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और संभवतः विराट कोहली भी रणजी खेलते दिखाई देंगे।

गुरुवार को होने वाले मुंबई के मैच की पूर्व संध्या पर रहाणे ने रोहित को लेकर कहा, अहम बात यह है कि वह भूखे हैं और अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। मैं इस बात को लेकर आश्वस्त हूं कि एक बार वह लय में आ गए तो वह एक बड़ी पारी खेलेंगे। उन्होंने कल नेट्स में बहुत अच्छी बल्लेबाजी की थी। इसलिए यह (खराब समय) किसी खिलाड़ी के करियर का हिस्सा भर होता है। रोहित को लेकर मैं आत्मविश्वास से भरा हुआ हूं।"

रहाणे ने कहा, "रोहित हमेशा से ही चिंतामुक्त रहते हैं, वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इसी सोच के साथ खेलते हैं। वह अपने खेल को भली-भांति से पहचानते हैं इसलिए कोई उन्हें यह नहीं बता सकता कि उन्हें क्या करना है। एक बार लय में आने पर मुझे पूरा विश्वास है कि वह बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उनमें जरा भी बदलाव नहीं आया है जो कि बहुत अच्छी बात है।

मुंबई को गुरुवार से घर पर जम्मू और कश्मीर के खिलाफ खेलना है। भारत को 6 फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ घर पर वनडे सीरीज भी खेलनी है, ऐसे में इस सीजन यह रोहित का एकमात्र रणजी मैच भी हो सकता है।

रहाणे ने रोहित की उपलब्धता पर कहा, मुझे लगता है कि वह सिर्फ.इस मैच के लिए हैं, मुझे यह नहीं पता कि वह अगला मैच खेलेंगे या नहीं। अगले चार दिन उनकी मौजूदगी हमारे लिए काफी लाभकारी होगी।

रोहित के अलावा यशस्वी जायसवाल भी इस राउंड के लिए उपलब्ध हैं। हालांकि टेस्ट में जायसवाल का प्रदर्शन अच्छा है, पर्थ में 161 रनों की पारी खेलने के अलावा उन्होंने मेलबर्न में दो अर्धशतक भी लगाए थे। रहाणे ने कहा कि रोहित और जायसवाल की मौजूदगी से ड्रेसिंग रूम में काफी फर्क पड़ेगा।

रहाणे ने कहा, एक टीम के रूप में, खिलाड़ी व्यक्तिगत तौर पर उनसे जाकर सवाल-जवाब कर रहे हैं, उनसे काफी कुछ सीख रहे हैं। जब वे मैदान पर होंगे तो मुझे उम्मीद है कि खिलाड़ी उनके खेल को देखकर भी काफी कुछ सीखेंगे।

# जमशेदपुर एफसी अपनी लगातार दूसरी क्लीन शीट के लिए हैदराबाद एफसी से भिड़ेगी

**हैदराबाद ।** हैदराबाद एफसी गुरुवार को शाम 7:30 बजे अपने घरेलू मैदान जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में जमशेदपुर एफसी की मेजबानी करेगी। मेजबान टीम का लक्ष्य रेड माइनर्स के हाथों पिछले चार मैचों में हार के सिलसिले को खत्म करना होगा। वहीं, जमशेदपुर एफसी लगातार दूसरी अवे क्लीन शीट हासिल करना चाहेगी और साथ ही लीग डबल पूरा करने का इरादा भी होगा।



दोनों टीमों के बीच 21 अक्टूबर, 2024 को इस सीजन के पहले मुकाबले में जमशेदपुर एफसी ने हैदराबाद एफसी को 2-1 से हराया था। हैदराबाद एफसी 16 मैचों में दो जीत, चार ड्रा और दस हार से 10 अंक लेकर 13 टीमों की तालिका में सबसे निचले स्थान पर है। जमशेदपुर एफसी 15 मैचों में नौ जीत, एक ड्रा और पांच हार से 28 अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान पर है। रेड माइनर्स ने अपने पिछले पांच मैचों में तीन जीते हैं और एक ड्रा खेला है जबकि हैदराबाद को अपने पिछले पांच मैचों में जीत नहीं मिली है लेकिन तीन ड्रा खेले हैं। रेड माइनर्स के लक्ष्य अवे क्लीन शीट: रेड माइनर्स का लक्ष्य 2017-18 के बाद पहली बार एक ही सीजन में लगातार अवे क्लीन शीट हासिल करना होगा। हालांकि, उन्होंने इस सीजन में बॉक्स के बाहर से सबसे ज्यादा आठ गोल खाए हैं।

गोल-स्कोरर: जमशेदपुर एफसी ने लीग में 23 गोल किए हैं जबकि 24 खाए हैं। जॉर्डन मरे पांच गोल के साथ उसके टॉप स्कोरर हैं, जबकि हावी हर्नांडेज और हावी सिवेरियो ने चार-चार गोल किए हैं।

घर में गोल: हैदराबाद एफसी ने अपने पिछले तीन घरेलू मैचों में से प्रत्येक में गोल किया है। इस दौरान उन्होंने चार गोल किए हैं।

तेज शुरूआत: हैदराबाद एफसी ने इस सीजन में अपने कुल गोल में से 42 प्रतिशत शुरूआती 15 मिनट में किए हैं। कोच कॉर्नरहैदराबाद एफसी के अंतरिम मुख्य कोच शमील चेम्बकथ ने अपने खिलाड़ियों से अटैकिंग थर्ड में अधिक सटीक होने को कहा। उन्होंने कहा, हमें फाइनल थर्ड में और अधिक सटीक होने की आवश्यकता है। हमें अपने घर में पूरे तीन अंक जीतने हैं। जमशेदपुर एफसी बहुत मजबूत है और हम जानते हैं कि यह मैच कठिन होगा।

जमशेदपुर एफसी के मुख्य कोच खालिद जमील ने अपने खिलाड़ियों को घर से बाहर अच्छा प्रदर्शन करने को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, इस मैच के लिए हमारी तैयारी अन्य मुकाबलों जैसी है। हमें अवे मैचों में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। हमारे लिए अगला मैच जीतना जरूरी है।

# 3 गो-तस्करों का एनकाउंटर: ट्रांस हिंडन जोन में पुलिस को देखकर की फायरिंग, रात में गैंग बनाकर कर रहे थे गोकशी



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस ने मंगलवार देर रात एनकाउंटर में 3 गोतस्करों के पैर में गोली मारी। ट्रांस हिंडन जोन में थाना पुलिस और स्वाट टीम ने जब घेराबंदी की तो बदमाश फायरिंग करने लगे। जवाबी फायरिंग में तीनों के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने रात में घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। पूछताछ में बताया यह तीनों रात में गोकशी करने जा रहे थे, पूर्व की घटना में भी फरार चल रहे थे। तीनों के खिलाफ पुलिस की तरफ से एक और मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पुलिस ने देखा तो गाय बांध रहे थे

टीलामोड़ पुलिस व ट्रांस हिंडन, स्वाट टीम संयुक्त रूप से पुलिस टीम फरुखनगर से दबिश देकर आ रही थी। पुलिस को सूचना मिली की एक ट्रक एयरपोर्ट बाउंड्री की तरफ जंगल में खड़ा है। जिसमें कुछ लोग रात्रि में गाय चोरीकर ले जाने की फिराक में हैं। पुलिस ने ट्रक के पास पहुंचकर तो देखा कि 3 - 4 व्यक्ति जंगल में बैठी गायों को बांधने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस द्वारा टोकने पर बदमाशों द्वारा पुलिस को निशाना बनाते हुए जान से मारने की नियत से फायर कर दिया गया। जिसके बाद चारों बदमाश भागने लगे। इस बीच भागते समय 3 बदमाशों को अरेस्ट कर लिया।

### मेरठ का परवेज गाजियाबाद में कर रहा गोकशी

पुलिस ने बताया कि घायल बदमाश ने अपना नाम परवेज पुत्र रफीकुद्दीन निवासी लक्खीपुरा थाना लिसाड़ीगेट जिला मेरठ बताया। परवेज मेरठ व गाजियाबाद में लगातार गोकशी करता रहा है। जिसने 30 दिसंबर की रात अपने साथियों के साथ मिलकर काका फार्म हाउस के पीछे गोकशी की घटना को अंजाम दिया था।

उसके बाद फायरिंग कर फरार हो गया। पुलिस ने मेहताब पुत्र कलुआ निवासी शाहजहांपुर थाना किठौर जिला मेरठ और शमशेर पुत्र पप्पू निवासी मोहल्ला तुरावली का पुरवा थाना ज्वालागंज जनपद फतेहपुर को अरेस्ट किया है। पुलिस ने ट्रक, एक तमंचा, रस्सी, छुरा व अन्य सामान बरामद किया है।

# रॉटवाइलर कुत्ते का महिला पर जानलेवा हमला: बचाने आई दूसरी महिला भी हुई घायल

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन की गुलमोहर गार्डन सोसाइटी में एक खतरनाक रॉटवाइलर कुत्ते ने दो महिलाओं पर हमला कर दिया। घटना रात के समय की है, जब एक महिला सोसाइटी में जा रही थी और अचानक पालतू रॉटवाइलर ने उस पर हमला कर दिया। सोसाइटी के एओए अध्यक्ष अभिषेक पांडे के अनुसार, कुत्ते ने लंबे समय तक महिला पर हमला किया, जिससे उसका बायां हाथ बुरी तरह से जख्मी हो गया। महिला की चीख-पुकार सुनकर जब दूसरी महिला उसे बचाने आई, तो कुत्ते ने उस पर भी हमला कर दिया, जिससे वह भी घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों महिलाओं को बचाया गया और तुरंत चिकित्सा सहायता प्रदान की गई। यह घटना इसलिए भी गंभीर है क्योंकि रॉटवाइलर एक प्रतिबंधित नस्ल का कुत्ता है।



# 8 सेकेंड में नोटों का बैग ले उड़े बदमाश

## गाजियाबाद में बदमाशों ने की लूट, मंडप के बाहर खड़े थे दूल्हे के चाचा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में 8 सेकेंड में ही बदमाश साढ़े 3 लाख रुपये से भरा बैग लूट ले गए। सीसी टीवी फुटेज भी सामने आई है। जहां दो बाइकों पर सवार बदमाश पहले रेकी करते रहे। उसके बाद पीछे से बाइक पर आए बदमाशों ने दूल्हे के चाचा से बैग लूट लिया। पीड़ित ने पीछा किया लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा।

### दिल्ली के परिवार की गाजियाबाद में थी शादी

पुलिस के अनुसार दिल्ली निवासी इंद्रपाल ठाकुर ने पुलिस को सूचना दी। जिसमें पीड़ित ने बताया कि मैंने अपने बेटे की शादी गाजियाबाद के लोनी में तय की थी। रविवार को बेटे की बारात लोनी पहुंची थी। दुल्हन पक्ष ने बारात को रोकने का इंतजाम गाजियाबाद में बंथला फलाईओवर के पास कर रखा था। शादी की रस्म चल रही थी।

रात में वह अपने भाई किरनपाल के साथ किसी काम से मैरिज होम के बाहर गेट पर आए। वह सभी एक दूसरे के साथ बात कर रहे थे। इस बीच पहले एक बाइक पर युवक पहुंचे, तभी दूसरी बाइक भी आ गई। जिसके बाद बदमाशों ने बैग में झपट्टा मार लिया। पीड़ित ने बताया कि बैग में साढ़े 3 लाख रुपये थे। सीसी टीवी फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों की तलाश कर रही है।




### कौन करेगा नीले एलीफेंट दफ्तर में हुये रंग रोगन का पेमेंट

भले ही 15 साल से सूबे में उनकी सरकार नही हैं। भले ही पूरी विधानसभा में एक हाथी बैठा है और भले ही लोकसभा में जीरो है मगर सियासी इमोशनल अत्याचार की हद है। विधानसभा का टिकट दिया और फिर पर्चा भरने से पहले ही काट भी दिया। एलीफेंट महावत दया को बनाया और फिर उन्हे भी हटा दिया। कुछ तो दिखा होगा जो हाथी उन पर मोहित हुआ। मगर बर्थडे के केक से पहले ही उन्हे भी हटा दिया। वो वकील है तो बेहतर बता सकते हैं कि ना अपील ना दलील और हो गये जलील वाला सीन हो तो कैसा सितम होता है। महावतों का खेमा बता रहा है कि अजी उन्होने तो नीले दफ्तर में पुताई शुरू कराई थी मगर उनकी तो पद से ही जुदाई हो गई। अब पुताई का भुगतान कौन करेगा। वैसे महावत खेमें में कहावत तो ये है कि जो हाथी वाली गददी पर विराजमान होगा उसकी जेब से ही हर चीज का भुगतान होगा।

### विधायक ना हो जाये नाराज इसमें छुपा है मिजोरम ना जाने का राज

अध्यक्ष पद के एक दावेदार ऐसे भी हैं जिन्हे फ्लाईट का टिकट भी मिल रहा था मगर वो खुद को जनरली उनके निकट दिखाने से भी बच रहे थे। मिजोरम तो दो पूर्व विधायक भी गये और धौलाना वालों से लेकर सिविल डिफेंस वाले भी गये। मगर पता चला है कि एक महानगर अध्यक्ष दावेदार इस मामले में फुली खबरदार रहे। उन्होने हवाई जहाज की हवा से ही दूरी बना ली। सुना है कि उन्हे ऑफर भी मिला था और साथ वालों ने उनसे कहा भी था मगर वो खिलाड़ी तो खुद को मानते ही हैं। लिहाजा उन्होने कैलकुलेट करने के बाद हिसाब लगाया कि बाकी सब तो देखा जायेगा लेकिन नाराजगी हैवीवेट हो सकती है। जाने वालो ने उनसे जिद भी करी कि चलो मगर उन्होने मजबूरी बता कर दूरी बना ली। विधायक जी नाराज ना हो जायें इसी में मिजोरम ना जाने का राज।

# माता-पिता की हत्या करने वाली बेटी को आजीवन कारावास की सजा

**नोएडा करंट क्राइम।** जिला न्यायालय ने प्रेमी के साथ मिलकर माता-पिता की हत्या करने वाली बेटी को मंगलवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने दोषी पर 46 हजार रुपए का जुमार्ना भी लगाया। केस की सुनवाई न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्र मोहन श्रीवास्तव ने की। सहायक जिला शासकीय एडवोकेट (फौजदारी) रतन सिंह भाटी ने बताया कि अगस्त 2016 में बादलपुर के बंबावड़ गांव के रहने वाले वेदप्रकाश और उनकी पत्नी उकलेश की हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप वेदप्रकाश की नाबालिग बेटी कोमल और उसके प्रेमी प्रमोद पर लगा था।




## किस जोन को मिलेंगे ज्यादा पदक

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में 26 जनवरी को लाइन में होने वाली परेड और कार्यक्रम की तैयारी फाइनल राउंड में पहुंच चुकी है। तो पुलिस सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस बार बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों और कमिश्नरेट के अधिकारियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में चर्चा शुरू हो गई है कि किस जोन को सबसे ज्यादा पदक मिलेंगे, यह देखने वाली बात होगी। वहीं सूत्र बताते हैं कि पिछले दो सालों से सिटी और नदियापार जोन का डंका बजा है। देखना होगा इस बार कौन सा जोन पदक प्रमाण पत्र और पुरस्कार पाने के मामले में अव्वल रहता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि ऐसा हो सकता है कि इस बार भी सिटी वाला जोन पुरस्कार मामले में नंबर वन पर आ जाए। सूत्र बता रहे हैं कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जो लोकल पुरस्कार मिलेंगे, उसमें डीसीपी, एसीपी से लेकर थ्री और टू-स्टार की लिस्ट लगभग फाइनल बताई जा रही है। तो वहीं देखना होगा कि लखनऊ पुलिस मुख्यालय से गाजियाबाद के कोटे में कौन सा पुरस्कार और किन अधिकारियों का नाम शामिल किया जाता है। सूत्र बता रहे हैं कि 25 तारीख की शाम तक लखनऊ वाली लिस्ट आउट हो सकती है। जिसमें देखना होगा कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पर किसका नाम चयनित किया गया। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि 26 जनवरी के लिए तिरंगी थीम और टेंट वाला काम भी पुलिस लाइन में शुरू हो चुका है। तो वहीं इस बार की व्यवस्था पहले से ज्यादा बेहतर करने का प्रयास रहने वाला है। पुलिसकर्मियों को परेड के लिए शामिल करने में भी बाकायदा लिस्ट को शॉर्ट लिस्ट किया गया था। वहीं पुलिस लाइन की 26 जनवरी वाली परेड में दो आईपीएस अधिकारियों का अलग अंदाज भी देखने को मिलेगा। उधर सूत्र बता रहे हैं कि अभी भी यह सस्पेंस बना हुआ है की सलामी कौन लेगा और बैट्री वाली कार पर कौन सवार होगा। बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के आयोजन की फुल ड्रेस रिहर्सल 24 जनवरी को पुलिस लाइन में की जाएगी। जिसमें पूरा कार्यक्रम डमी चीफ गेस्ट के साथ आयोजित किया जाएगा। तो वहीं 26 जनवरी को सुबह 7:30 बजे से भव्य आयोजन शुरू होगा। देखना होगा कि 26 जनवरी को किन अधिकारियों के नाम की घोषणा होती है और किस जोन का नाम पुरस्कार, पदक और प्रमाण पत्र पाने के मामले में टॉप पर रहता है।

# पिकअप और ट्रक में भिड़त, हादसे में क्लीनर की मौत

## दूसरी घटना में कार और बाइक की टक्कर में एक जान गई

- तीन अलग-अलग मामलों में दो की मौत और तीन लोग गंभीर घायम





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मोदीनगर के मुरादनगर थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पहला हादसा ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वे पर गांव रेवड़ा रेवड़ी के पास देर रात करीब दो बजे हुआ।

बदायूं जिले के उझानी थाना क्षेत्र के उलौहतापुर गांव निवासी जसवीर सिंह अपनी पिकअप में हरी मिर्च लेकर नोएडा से अंबाला जा रहे थे। रेवड़ा रेवड़ी के पास गाड़ी का टायर पंचर हो गया। जसवीर और उनके क्लीनर धर्मेंद्र टायर बदल रहे थे, तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने पिकअप में टक्कर मार दी।

इस हादसे में धर्मेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक मनोज कुमार, जो हरदोई जिले के पचदेवरा का रहने वाला है, घायल हो गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर चालक को हिरासत में ले लिया है। दूसरा हादसा रावली रोड पर हुआ, जहां एक अज्ञात वाहन ने 30 वर्षीय युवक को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मृतक की पहचान करने में जुटी है।

तीसरा हादसा पाइपलाइन मार्ग पर एनटीपीसी गोदाम के पास हुआ। यहां एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दिव्यांशू ढौडीयाल और शानू गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दिव्यांशू का हाथ का पंजा अलग हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# प्रभारी जीडीए के कर्मियों की छुट्टियों को हिसाब रखेंगे

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जीडीए में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों पर अब सख्ती होगी। सभी अनुभागों के प्रभारी अधिकारी अपने कर्मचारियों के छुट्टियों का हिसाब रखेंगे, ताकि यह ज्ञात रहे कि कर्मचारी कितने आकस्मिक अवकाश ले रहे हैं। नए साल के पहले महीने में 40 से अधिक कर्मचारी ने अवकाश के लिए प्रार्थना पत्र दे चुके हैं। सभी प्रार्थना पत्र जीडीए सचिव कार्यालय में एकत्रित हो रहे हैं। इसमें यह पता नहीं चल पा रहा कि कर्मचारी कितनी छुट्टियां ले रहा। साथ ही, कई बार महत्वपूर्ण बैठक या रिपोर्ट तैयार करने वाले दिन कर्मचारी छुट्टी ले लेते हैं। इसकी सूचना प्रभारी तक को नहीं होती है। इसको देखते हुए जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह ने निर्देश दिए हैं कि आकस्मिक अवकाश की रिपोर्ट प्रभारी अधिकारी को तैयार कर अपने कार्यालय रखनी होगी।

# बच्ची से साबुन मंगवाया, फिर घर में ले जाकर की घिनौनी हरकत; मासूम ने रोते हुए बयां की आपबीती

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मसूरी क्षेत्रांतर्गत एक गांव में पांच वर्षीय कक्षा एक की छात्रा के साथ पड़ोसी युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। अबोध बच्ची ने अपने पिता को युवक की करतूत बताई। बच्ची के पिता ने युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में लिया है।

पुलिस सहायक आयुक्त सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पांच वर्षीय अबोध बच्ची घर के बाहर खेल रही थी, तभी पड़ोसी युवक ने बच्ची को बुलाकर दुकान से नहाने का साबुन लाने के लिए पैसे दिए। बच्ची साबुन लेकर युवक के घर गई तो युवक ने बच्ची को घर के अंदर खींच लिया। उस समय उसके घर में कोई नहीं था। युवक ने अबोध बच्ची को पकड़ लिया और दुष्कर्म का प्रयास किया। बच्ची किसी तरह छूटकर अपने घर पहुंची और अपने पिता को घटना की जानकारी दी। मासूम के पिता ने आरोपी युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस सहायक आयुक्त सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि बच्ची के पिता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी युवक को हिरासत में लिया है। जांच पड़ताल के बाद वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# दो ज्वैलर्स की 1.52 करोड़ की एफडी प्रवर्तन निदेशालय ने की जब्त




**गाजियाबाद करंट क्राइम।** ईडी ने गाजियाबाद के दो बड़े ज्वैलर्स की एक करोड़ 52 लाख रुपए की एफडी जब्त की है। एजेंसी के मुताबिक, नेतर सभरवाल केस व बैंक धोखाधड़ी के मामले में जब्त की गई संपत्ति में दो एफडी 1।22 करोड़ व 30।76 लाख रुपये की अन्य एफडी शामिल है।

आरोप है कि गाजियाबाद के इन दोनों ज्वैलर्स ने नोटबंदी के दौरान बैंक के अधिकारियों के साथ सांठ गांठ कर करोड़ों की रकम का हेरफेर किया था। सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच की गाजियाबाद यूनिट ने इस मामले में एफआईआर दर्ज की थी। इसके बाद ईडी ने भी इस मामले का संज्ञान लिया और जांच शुरू की थी।

ईडी के मुताबिक, जांच के दौरान पता चला कि वर्ष 2016 में नोटबंदी के दौरान दोनों ज्वैलर्स ने नकदी जमा करने के लिए फर्जी तरीकों से बैंक खातों का इस्तेमाल करते हुए गलत तरीके से नगद धनराशि किया था। ईडी की जांच में यह भी सामने आया कि, जेएंडके बैंक के अफसरों और कर्मचारियों ने कई लोगों के साथ मिलकर नोटबंदी के दौरान भारी भरकम नकदी जमा करने की साजिश रची थी। फिलहाल ईडी अब भी इस मामले की जांच कर रही है। इस मामले में ईडी फजीर्वाड़े से जुड़े हर पहलू की बड़ी ही गंभीरता से जांच कर रही है। ईडी को कई अहम जानकारियां मिलीं हैं।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की खास पहल

# हापुड़ में 95 बच्चियों का जन्मोत्सव मनाया

## परिवारों को दी योजनाओं की जानकारी



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 95 नवजात बालिकाओं का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। विधायक विजयपाल आढ़ती की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी नवजात बालिकाओं को बेबी किट, फूड पैकेट, मिठाई और केक जैसे उपहार वितरित किए गए।

जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह ने महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी, जिनमें वूमेन पावर लाइन (1090), महिला हेल्पलाइन (181), मुख्यमंत्री हेल्पलाइन (1076) और चाइल्डलाइन (1098) शामिल हैं।

साथ ही, महिला कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे निराश्रित महिला पेंशन, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और स्पॉन्सरशिप योजना की विस्तृत जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन कार्यालय से पंकज यादव, मनीष द्विवेदी, रिंकु सिंह, हुमा चौधरी और वन स्टॉप सेंटर से सोनिया और लक्ष्मी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में विधायक ने बेटा-बेटी में भेदभाव समाप्त करने का आह्वान किया और कहा कि दोनों को समान शिक्षा का अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि इससे बेटियां भी आत्मनिर्भर बनकर परिवार, समाज और देश का नाम रोशन कर सकेंगी।

# गाजियाबाद के आयुष होटल में देह व्यापार का भांडाफोड़, बुजुर्ग समेत 9 लोग गिरफ्तार



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिले के कौशांबी थानाक्षेत्र स्थित आयुष होटल में चल रहे देह व्यापार के धंधे का भांडाफोड़ कर कौशांबी पुलिस ने एक बुजुर्ग समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। होटल में आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई है। इसके साथ ही एक ऑनलाइन ट्रांजेक्शन एप का स्कैनर और होटल रजिस्टर को भी जब्त किया गया है। वहीं गिरफ्तार हुए नौ लोगों में होटल संचालिक भी शामिल है। पुलिस ने होटल से देह व्यापार में फंसी सात महिलाओं को रेस्क्यू कर उन्हें घर भेजा।

सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम अजय कुमार सिंह ने बताया कि आयुष होटल में देह व्यापार संचालित होने की शिकायत मिली थी। पुलिस से देर रात शिकायत की गई थी। तब टीम ने मौके पर पहुंचकर छापा मारा तो होटल के कमरों में महिला-पुरुष आपत्तिजनक स्थिति में मिले थे। मौके से पुलिस ने होटल के प्रबंधक उत्तारखंड के पौढ़ी गढ़वाल निवासी सागर सिंह नेगी और त्रिलोकपुरी दिल्ली निवासी निशा को गिरफ्तार किया।

# देखिए दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी की नजर से महाकुंभ

# पंचकोसी परिक्रमा यात्रा में तीसरे दिन बड़ी संख्या में शामिल हुए युवा

## पंचकोसी परिक्रमा का जगह-जगह हुआ स्वागत, इस परिक्रमा का जीवन में बहुत अधिक महत्व है : श्रीमहंत नारायण गिरि



**करंट क्राइम।** श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत तथा जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरी इन दिनों कुंभ मेले में है। गाजियाबाद के लिए महंत नारायण गिरी विशेष रूप से प्रतिदिन कुंभ मेले की आस्था से लेकर व्यवस्था तक पूरा हाल बता रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम के साथ वो प्रतिदिन कुंभ मेले से प्रकाशित होंगे।

www.currentcrime.com दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति

**प्रयागराज, करंट क्राइम।** प्रयागराज की ऐतिहासिक पंचकोसी परिक्रमा यात्रा में तीसरे दिन बुधवार को हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। बड़ी संख्या में युवा भी यात्रा में शामिल हुए। जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक एवं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि महाराज के दिशा.निर्देशन व नेतृत्व में निकली पंचकोसी परिक्रमा यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। तीसरे दिन संगम स्नान के साथ यात्रा का शुभारंभ हुआ। यमुना पार के लालापुर स्थित प्राचीन मनकामेश्वर महादेव के दर्शन.पूजन के बाद बीकर गांव में पद्म माधव का दर्शन-पूजन किया गया। सुजावन देव मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद पर्णास मुनि के आश्रम में महर्षि वाल्मीकि, पर्णास ऋषि व ज्वाला देवी का दर्शन.पूजन हुआ। ज्वाला देवी दर्शन-पूजन के बाद संगम तट पर त्रिवेणी मार्ग स्थित दत्तात्रेय शिविर में यात्रा ने रात्रि विश्राम किया। श्रीमहंत हरि गिरि महाराज ने कहा कि पंचकोसी परिक्रमा का बहुंत अधिक महत्व है। परिक्रमा करने से महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को शुभ फलों की प्राप्ति होती है और जीवन में हमेशा सुख समृद्धि रहती है। जगद्गुरु शंकराचार्य सुमेरूमठ काशी स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि पंचकोसी परिक्रमा करने से पांच विकार. काम, क्रोध, मोह, मद और लोभ से मुक्ति मिलती है। श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर व श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने कहा कि पंचकोसी परिक्रमा करने वाले भक्त का आध्यात्मिक विकास होता है और उसे आत्मिक शांति मिलती है। पंचकोसी परिक्रमा लगाने से सभी तीर्थों के दर्शन का फल भक्तों को प्राप्त होता है। साथ ही पितर भी संतुष्ट होकर अपनी कृपा की बारिश करते हैं। महामंडलेश्वर भवानी नंदन बाल्मीकि, प्राचीन देवी मंदिर दिल्ली गेट द्वारका पुरी के महंत गिरिशानंद गिरि महाराज, मुन्नी लाल पांडे आदि भी यात्रा में शामिल रहे।







# तुर्किये अग्निकांड में पुलिस ने नौ लोगों को किया गिरफ्तार

## हादसे में 76 लोगों की गई थी जानइस घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में हरकंप मच गया

**अंकारा ।** बता दें कि यह हादसा तुर्कीय के बोलू पर्वतों में स्थित कार्तलकाया स्की रिसॉर्ट के 12-मंजिला ग्रैंड कार्तल होटल के रेस्तां क्षेत्र में हुआ था।



**मंगलवार तड़के तुर्किये के स्की रिसॉर्ट में भीषण आग लगने से 76 लोगों की जान चली गई। इस घटना के बाद आसपास के क्षेत्र में हरकंप मच गया। अग्निकांड में मृतक लोगों के शव इतनी बूरी तरह से झुलसे है कि उनकी पहचान के लिए डीएनए टेस्ट की आवश्यकता पड़ने लगी है**

### पुलिस ने 9 लोगों को किया गिरफ्तार

इसी बीच खबर सामने आ रही है कि हादसे की जांच के दौरान बुधवार को पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इसको लेकर तुर्कीय के आंतरिक मंत्री अली येरलिकाया ने कहा कि सुरक्षाउपायों को लेकर चिंताएं लगातार बढ़ रही हैं। इस घटना की जांच के लिए छह अभियोजकों को नियुक्त किया गया है। पहचान में नहीं आ रहे मृतकों के शव इस अग्नीकांड में मारे गए 76 लोगों के शव की पहचान को लेकर कई सारी बातें सामने आ रही है। इसको लेकर मंत्री येरलिकाया ने बताया कि 45 मृतकों के शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं। वहीं बाकी की पहचान के लिए डीएनए परीक्षण किए जा रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट की माने तो होटल की आग का अलार्म सिस्टम सही तरीके से काम नहीं किया। इसकी जानकारी हादसे में कई अन्य बचे हुए लोगों ने दी। उन्होंने कहा कि आग का अलार्म नहीं बजा और उन्हें अंधेरे और धुएं से भरे गलियारों में से गुजरना पड़ा। कुछ लोग खिड़कियों से कूद कर बचने की कोशिश करते नजर आए।

### होटल ने दिया जांच में सहयोग का भरोसा

साथ ही मामले में होटल ने घटना के बाद अधिकारियों से पूरी सहयोग की बात कही। स्की रिसॉर्ट ने पुलिस को दिए हुए बयान कहा कि वे इस मामले के सभी पहलुओं को उजागर करने के लिए काम कर रहे हैं। इसके साथ ही तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने इस घटना के बाद राष्ट्रीय शोक दिवस की घोषणा की। यह हादसा तुर्की के एक प्रमुख स्की स्थल कार्तलकाया में शीतकालीन पर्यटन के दौरान हुआ।

# 87% भारतीय सीईओ को देश की आर्थिक ताकत पर यकीन

**दावोस ।** भारत के हर 10 में से नौ सीईओ को देश की आर्थिक ताकत पर पूरा भरोसा है और वे आने वाले वर्षों में अपने कारोबार को विस्तार देने की योजना बना रहे हैं। पीडब्ल्यूसी की तरफ से जारी एक सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, देश की आर्थिक वृद्धि के प्रति आश्वस्त 87 फीसदी सीईओ अपना कामकाज बढ़ाने में मदद के लिए लगातार एआई प्रौद्योगिकी अपनाना जारी रखेंगे साथ ही कर्मचारियों की संख्या भी बढ़ाएंगे। पीडब्ल्यूसी के 28वें वार्षिक वैश्विक सीईओ सर्वेक्षण में बताया गया कि वैश्विक नवाचार, स्थिरता और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। सर्वेक्षण में 109 देशों के 4,700 से अधिक सीईओ से राय ली गई जिसमें 75 भारत के हैं। सर्वेक्षण बताता है कि 87% भारतीय सीईओ देश की आर्थिक संभावनाओं को लेकर आशावादी हैं, जो वैश्विक औसत 57% से कहीं ज्यादा है। सर्वे के मुताबिक, 74% भारतीय सीईओ अगले तीन वर्षों में अपनी कंपनियों की राजस्व वृद्धि पर पूर्णतः आश्वस्त है।



दुनिया को पसंद प्रसंस्कृत भारतीय खाद्य पदार्थ : चिराग पासवान केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने भारतीय खाद्य उत्पादों को वैश्विक स्तर पर पहुंचाने की वकालत करते हुए।

# प्रौद्योगिकी क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर भारत-फ्रांस सहमत, अगले माह पीएम मोदी का दौरा

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फ्रांस दौरे से पहले दोनों ने उच्च स्तरीय प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है। पेरिस में आयोजित 'विदेश कार्यालय परामर्श' के दौरान दोनों देशों ने भारत-फ्रांस क्षितिज 2047 रोडमैप के तहत द्विपक्षीय सहयोग के पहलुओं में हुई प्रगति की समीक्षा की। पीएम मोदी अगले माह एआई पर होने वाली बैठक के लिए फ्रांस का दौरा करेंगे।



बैठक की सह-अध्यक्षता विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और फ्रांस के यूरोप व विदेश मामलों के मंत्रालय की महासचिव ऐनी-मैरी डेस्कोटेस ने की। विदेश मंत्रालय ने कहा, पेरिस में हुई बैठक में रक्षा, असैन्य परमाणु ऊर्जा, अंतरिक्ष, साइबर व डिजिटल, एआई, संस्थागत संवाद तंत्र, लोगों के बीच आदान-प्रदान और सांस्कृतिक संबंधों को बढ़ावा देने सहित द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की गई। दोनों पक्षों ने उच्च-स्तरीय प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी का विस्तार करने पर सहमति जताई है।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, बैठक में पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सहयोग, तीसरे देशों में संयुक्त विकास परियोजनाओं, पश्चिम एशिया और रूस-यूक्रेन संघर्ष की स्थिति से संबंधित चल रहे अंतरराष्ट्रीय व क्षेत्रीय मुद्दों पर भी बातचीत हुई।

### भारत-बेल्जियम के बीच व्यापार बढ़ाने पर चर्चा

भारत-बेल्जियम ने औषधि और कृषि उत्पादों जैसे क्षेत्रों में व्यापार मुद्दों को सुलझाने के लिए तंत्र स्थापित करने पर सहमति जताई है। वाणिज्य-उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और बेल्जियम के विदेश व्यापार मंत्री बर्नार्ड क्विंटन के बीच ब्रसेल्स में हुई बैठक के दौरान इन मुद्दों पर चर्चा की गई।

# न्यूयॉर्क के स्कूलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर लगेगी रोक, छात्रों के हित में गवर्नर होचुल का प्रस्ताव

**न्यूयॉर्क ।** न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने मंगलवार को राज्य भर के स्कूलों में छात्रों के मोबाइल फोन इस्तमाल पर रोक लगाने को लेकर प्रस्ताव रखा। इसके तहत अगले शैक्षणिक वर्ष से न्यूयॉर्क राज्य के सभी स्कूलों में छात्रों को अपने सेलफोन छोड़ने होंगे। बता दें कि गवर्नर होचुल की इस योजना के लिए विधायकों की स्वीकृति की आवश्यकता होगी और यह योजना स्कूलों में छात्रों को कक्षा, दोपहर के भोजन, और में मुश्किल होती है। कुछ छात्रों को छूट भी गवर्नर द्वारा दिए गए प्रस्ताव में आगे की बात करें तो इस प्रस्ताव के तहत, कुछ छात्रों को छूट भी दी जाने की बात कही जा रही है।

जैसे कि जिनके पास मेडिकल कारण हैं या जिन्हें शिक्षा में मदद की आवश्यकता है। साथ ही न्यूयॉर्क राज्य ने स्कूलों को इस प्रतिबंध को लागू करने में मदद के लिए 13.5 मिलियन डॉलर देने का भी



हॉलवे में अपने फोन और अन्य उपकरणों को इस्तेमाल करने से रोकने के लिए है।

### प्रस्ताव को लेकर गवर्नर होचुल का तर्क

गवर्नर होचुल ने प्रस्ताव को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि इस कदम से छात्रों को कक्षा में ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी और उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि बच्चे अपने फोन से बहुत अधिक व्यस्त होते हैं, जिससे वे पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पाते। साथ ही होचुल का यह भी मानना हैं कि जब बच्चे अपने दोस्तों के साथ वायरल डांस और संदेशों पर ध्यान दे रहे होते हैं तो उन्हें पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने प्रस्ताव रखा है।

### प्रस्ताव का मिला टीचर्स यूनियन का समर्थन

गवर्नर होचुल के इस प्रस्ताव का न्यूयॉर्क स्टेट यूनाइटेड टीचर्स ने समर्थन किया है। इसको लेकर उनका कहना है कि इससे छात्रों को बिना किसी व्यवधान के पढ़ाई करने में मदद मिलेगी। हालांकि, यह प्रस्ताव अभिभावकों के विरोध का सामना कर सकता है, क्योंकि वे आपातकाल में अपने बच्चों से संपर्क करना चाहते हैं। गौरतलब है कि अमेरिका के कुछ अन्य राज्यों में भी स्कूलों में फोन पर प्रतिबंध लगाया गया है और कई अन्य राज्यों ने भी इसे लागू करने के लिए कदम उठाए हैं।

# टुपैक शकूर हत्याकांड में संदिग्ध डेविस के खिलाफ हत्या का आरोप बरकरार

**लास वेगास ।** अमेरिका के लास वेगास में 1990 के दशक में रैप आइकन टुपैक शकूर की हत्या के मामले में एकमात्र संदिग्ध डुआने 'केफी डी' डेविस के खिलाफ हत्या का आरोप बरकरार रखा गया। उसने अपने खिलाफ हत्या के आरोप को खारिज करवाने की कोशिस में हार मान ली है। क्लार्क काउंटी डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जज कार्ली किर्नी ने मंगलवार को कहा कि डेविस ने किसी भी प्रतिरक्षा सौदे का कोई सबूत नहीं दिया है और नेवादा प्रशासन की तरफ से उसे कोई डील ऑफर नहीं की गई। डेविस और उनके वकील ने तर्क दिया था कि उन पर हत्या का आरोप नहीं लगना चाहिए था, क्योंकि उन्होंने संघीय और स्थानीय अधिकारियों के साथ कई साल पहले प्रतिरक्षा समझौता किया था। डेविस के खिलाफ अभियोग सांविधानिक अधिकारों का



उल्लंघनः अर्नोल्ड अटॉर्नी कार्ल अर्नोल्ड ने कहा कि उनके 61 वर्षीय मुवक्किल के खिलाफ अभियोग उनके सांविधानिक अधिकारों का घोर उल्लंघन है, क्योंकि अभियोजन में 27 साल की देरी हुई है। सुनवाई के बाद अर्नोल्ड ने कहा कि वे आगामी दिनों में यह तह करेंगे कि ने जज के फैसले के खिलाफ नेवादा के सर्वोच्च न्यायालय में अपील करेंगे या नहीं। लास वेगास में 17 मार्च को निर्धारित है ।

# नाजी सैल्यूट विवाद के बीच एलन मस्क को मिला चरमपंथियों का समर्थन, नागरिक संगठनों ने जताई चिंता

**वॉशिंगटन ।** एलन मस्क के डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में सीधे हाथ के इशारे पर विवाद बढ़ता जा रहा है। कई लोगों ने मस्क की आलोचना की है। दरअसल सीधे हाथ के इशारे को नाजी सैल्यूट होने का दावा किया जा रहा है। हालांकि कट्टर दक्षिणपंथी लोग एलन मस्क के समर्थन में उतर गए हैं। चरमपंथी लोग इसका जश्न मना रहे हैं। गौरतलब है कि एलन मस्क ने सोमवार को कैपिटल वन एरेना में एक भाषण के दौरान एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर खुशी जताई थी और इसी दौरान उन्होंने सीधा हाथ उठाकर वह इशारा किया था, जिसे नाजी सैल्यूट कहा जा रहा है।



### दक्षिणपंथी समूहों ने किया मस्क का समर्थन

इस पूरे विवाद को हवा इस बात से भी मिली है क्योंकि मस्क ने उनके इशारे को नाजी सैल्यूट होने के दावों का न तो खंडन किया है और न ही स्वीकारा है।

हालांकि उन्होंने इस मामले पर हो रही आलोचना पर तीखी नाराजगी जाहिर की। एलन मस्क ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि 'हर कोई हिटलर है। ये हमले बहुत थका देने वाले हैं।'

श्वेत राष्ट्रवादी समूह 'व्हाइट लाइव्स मैटर' ने टेलीग्राम पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि, 'श्वेत ज्वाला फिर से उठेगी'। श्वेत राष्ट्रवादी कीथ वुड्स ने एक्स पर साझा पोस्ट में मस्क का जोरदार समर्थन किया। एक अन्य दक्षिणपंथी ने लिखा कि 'हम वापस आ गए हैं'।

### नागरिक संगठनों ने जताई नाराजगी

हालांकि यहूदी विरोध और मानवाधिकारों पर निगरानी रखने वाली संस्था एंटी-डिफेमेशन लीग ने मस्क के इशारे की आलोचना की। अन्य विशेषज्ञों का कहना है कि यह स्पष्ट नहीं है कि मस्क ट्रम्प समर्थकों की भीड़ को अपना हाथ आगे बढ़ाकर क्या संदेश देना चाह रहे थे। ऑनलाइन नफरत पर नजर रखने वाले इंस्टीट्यूट फॉर स्ट्रैटेजिक डायलॉग के वरिष्ठ शोध विश्लेषक जेरेड होल्ट ने कहा, 'मुझे संदेह है कि यह जानबूझकर किया गया था। यह लोगों के प्रति आभार व्यक्त करने का एक प्रकार का संकेत हो सकता है।

# यूएस में जन्म के आधार पर नागरिकता खत्म करने का विरोध, भारतीय मूल के सांसदों ने उठाई आवाज

**वॉशिंगटन ।** इसको लेकर भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने असंतुष्टि जताई और ट्रंप के इस आदेश का जमकर विरोध किया।

बता दें कि ट्रंप के आदेश के तहत जन्मसिद्ध नागरिकता को लेकर भविष्य में बिना दस्तावेज वाले अप्रवासियों के बच्चों को नागरिकता नहीं मिलेगी। यह आदेश उन माता-पिताओं के बच्चों पर भी लागू होगा जो कानूनी रूप से लेकिन अस्थायी रूप से अमेरिका में रह रहे हैं, जैसे विदेशी छात्र या फिर पर्यटक। सीधे शब्दों में कहे तो आदेश में ये कहा गया है कि 19 फरवरी, 2025 के बाद जिन बच्चों के माता-पिता अमेरिकी नागरिक या वैध स्थायी निवासी नहीं होंगे, उन्हें नागरिकता नहीं मिलेगी।

ट्रंप के इस आदेश के बाद भारतीय-अंमेरिकी सांसदों ने इसका जमकर विरोध किया। वहीं




**अमेरिका में जन्मसिद्ध नागरिकता को लेकर राजनीति गर्माहट तेज हो चुकी है। राष्ट्रपति पद संभालने के साथ ही डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जन्मसिद्ध नागरिकता में बदलाव के लिए एक कार्यकारी आदेश जारी किया**

इस मामले में भारतीय-अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने कहा कि इस आदेश से न केवल अवैध अप्रवासियों के बच्चों पर असर पड़ेगा, बल्कि उन लोगों पर भी प्रभाव होगा जो एच-1बी वीजा पर अमेरिका में वैध रूप से रह रहे हैं। साथ ही खन्ना ने कहा कि ट्रंप का आदेश जन्मजात नागरिकता को खत्म करता है न सिर्फ अवैध अप्रवासियों के बच्चों के लिए, बल्कि उन वैध अप्रवासियों के लिए भी जो अस्थायी रूप से अमेरिका में हैं।

गौरतलब है कि एच-1बी वीजा उन विदेशी कर्मचारियों को दिया जाता है जो तकनीकी या विशेष पेशेवर काम के लिए अमेरिका आते हैं और हर साल भारत जैसे देशों से बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ उठाते हैं।

# जम्मू-कश्मीर : भारतीय क्षेत्र में घुसा पाकिस्तानी ड्रोन, सेना ने की फायरिंग

**जम्मू ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाले एक पाकिस्तानी ड्रोन पर सैनिकों ने बुधवार को फायरिंग की।

रक्षा सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान की ओर से एक ड्रोन पुंछ जिले के मेंढर सेक्टर में नियंत्रण रेखा पार कर भारतीय क्षेत्र में घुस आया। सूत्रों ने बताया, ₹सेना के सतर्क जवानों ने ड्रोन पर फायरिंग की और उसे पाकिस्तानी सीमा में वापस लौटना पड़ा। सूत्रों के मुताबिक बुधवार रात करीब 1 बजे सतर्क जवानों को ड्रोन की हरकत का पता चला। जवानों ने तड़के तलाशी अभियान शुरू किया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ड्रोन से कोई हथियार या नशीले पदार्थ तो नहीं गिराए जा रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को बनाए रखने के लिए हथियार, ड्रग्स या नकदी गिराने के लिए पाकिस्तानी सेना की सहायता से



आतंकवादी ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

आतंकवादियों की कार्यप्रणाली ओवर-ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) को नियुक्त करना रही है, जो जाहिर तौर पर निहत्थे नागरिक होते हैं। ये ओवर-ग्राउंड वर्कर्स ड्रोन से गिराए गए बमों को आतंकवादियों के उपयोग के लिए उठाते हैं।

केंद्र शासित प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा करने वाले बीएसएफ ने ड्रोन की गतिविधियों का पता लगाने के लिए विशेष एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात किया है। एक बार जब इनका पता चल जाता है तो तैनात जवान इन्हें तुरंत निष्क्रिय कर देते हैं।

# ताकत द्वारा यथास्थिति में बदलाव का विरोध करेंगे क्वाड देशों ने साझा बयान से चीन को चेताया

**वॉशिंगटन ।** डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद क्वाड की विदेश मंत्री स्तर की पहली बैठक अमेरिका में आयोजित हुई। बैठक के बाद एक साझा बयान में क्वाड देशों, भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया, ने कहा कि बलपूर्वक किसी भी एकतरफा बदलाव की कार्रवाई का सख्ती से विरोध किया जाएगा। इस बैठक का आयोजन अमेरिका के नए विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने किया, जिसमें भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और जापान के विदेश मंत्री इवाया ताकेशी शामिल हुए।



### क्वाड देशों ने साझा बयान में क्या कहा

एक घंटे के करीब चली इस बैठक के बाद साझा बयान जारी किया गया। जिसमें कहा गया कि 'हमारे चारों राष्ट्र इस बात पर दृढ़ हैं कि अंतरराष्ट्रीय कानून, आर्थिक अवसर, शांति, स्थिरता और समुद्र सहित सभी क्षेत्रों में सुरक्षा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लोगों के विकास और समृद्धि का आधार हैं। हम बल या दबाव के जरिए यथास्थिति को बदलने की किसी भी एकतरफा कार्रवाई का कड़ा विरोध करेंगे।' गौरतलब है कि क्वाड का वार्षिक सम्मेलन इस साल के अंत में भारत में होना है। पिछले साल हुआ सम्मेलन असल में भारत में होना प्रस्तावित था, लेकिन अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन उसे अमेरिका में आयोजित करने के इच्छुक थे, इसके चलते भारत में क्वाड के आयोजन को टाल दिया गया था और इस साल उसका आयोजन होगा।

**चीन की चुनौती से निपटने के लिए हुआ था क्वाड का गठन :** क्वाड भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक कूटनीतिक साझेदारी है, जिसका उद्देश्य हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र को मुक्त, स्थिर, समृद्ध, समावेशी और लचीला बनाए रखना है। क्वाड का गठन साल 2017 में हुआ था। इसे हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती चुनौती का जवाब माना जाता है। चीन हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में लगातार अपनी मौजूदगी और प्रभाव बढ़ा रहा है। चीन का इस क्षेत्र में कई देशों के साथ सीमा विवाद भी है। चीन पूरे दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन के कुछ इलाकों पर अपना दावा करता है। इसके चलते चीन का फिलीपींस, वियतनाम, मलेशिया, ब्रूनेई और ताइवान के साथ चीन का विवाद चल रहा है।

साझा बयान में ये भी कहा गया है कि क्वाड के सदस्य देश इसकी मजबूती के लिए काम करते रहेंगे और आने वाले महीनों में तय समय पर मुलाकातें होती रहेंगी।

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोशल मीडिया पर लिखा कि 'क्वाड बैठक से साफ संदेश दिया गया है कि अस्थिर और संवेदनशील दुनिया में क्वाड एक अच्छी वैश्विक ताकत बना रहेगा।

# नामित रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ की बढ़ी मुश्किलें, भाभी ने हलफनामे में पत्नी के साथ मारपीट का लगाया आरोप

**वॉशिंगटन ।** अमरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में रक्षा मंत्री के लिए नामित पीट हेगसेथ की मुश्किलें दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। जहां उनके नामांकन में गड़बड़ी की जांच कर रही सीनेट को हेगसेथ के खिलाफ एक और हमफनामा मिला, जिसमें उनकी भाभी ने उनपर अपनी दूसरी पत्नी सामंथा के साथ मारपीट का आरोप लगाया है। हलफनामे में उनकी भाभी डैनियल हेगसेथ ने कहा कि उन्होंने फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) को इस बारे में दिसंबर में बताया था, लेकिन यह जानकारी कांग्रेस से साझा नहीं की गई क्योंकि सांसद हेगसेथ के नामांकन पर विचार कर रहे थे।

### भाभी डैनियल का आरोप

रक्षा मंत्री के लिए नामित पीट हेगसेथ को लेकर उनकी भाभी डैनियल ने बताया कि सामंथा की बातों से हमेशा



लगता था कि वो किसी खतरे में हैं। डैनियल ने ये भी बताया कि सामंथा अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए हमेशा एक सुरक्षित शब्द का इस्तेमाल करती थीं, जिससे वो अपने लोगों को अपने आप के खतरे में होने का एहसास करा सकें और मदद मांग सकें।

इसको लेकर डैनियल ने दावा किया कि 2015 या 2016 में सामंथा ने उस शब्द का उपयोग किया उन्हें ये बताने के लिए किया था कि वो खतरे में है, जिसके बाद डैनियल को मदद के लिए तीसरे पक्ष से संपर्क करना पड़ा। साथ ही डैनियल ने हलफनामे में यह बताया गया कि पीट हेगसेथ ने बार-बार शराब पीने की आदत को लेकर और घरेलू विवादों के बारे में सामंथा के साथ दुर्व्यवहार किया।

### भाभी ने बताया देश के लिए खतरा

इतना ही नहीं उनकी पूर्व भाभी डैनियल ने सीनेट में दाखिल हलफनामें इस बाता जिक्र किया वे इन आरोपों को जनता के सामने रखना चाहिए, क्योंकि उन्हें डर था कि अगर पीट हेगसेथ का नामांकन रक्षा सचिव के रूप में मंजूर हो जाता है, तो यह सेना और देश के लिए खतरनाक हो सकता है।


पीट हेगसेथ के नामांकन की जांच कर रहे सांसदों को जब एक और हलफनामा मिला तब इसको लेकर रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं की कई सारी प्रतिक्रिया सामने आई। इसमें कुछ नेताओं ने कहा कि वे इन नए आरोपों का समर्थन नहीं कर रहें है।

### नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने इंदौर में दिया प्रेजेंटेशन

# गाजियाबाद नगर निगम ने सूखा कूड़ा निस्तारण के साथ-साथ सृजित की आय



## प्रदेश का पहला नगर निगम गाजियाबाद, सूखे कूड़े के निस्तारण के साथ-साथ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को बनाया स्वावलंबी : नगर आयुक्त



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** म्युनिसिपल कमिश्नर विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट इंदौर पहुंचकर गाजियाबाद में किये जा रहे सूखा कचरा निस्तारण की कार्य प्रणाली को साझा किया गया। कार्यक्रम में लगभग 13 राज्यों के विभिन्न निकायों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिनके बीच गाजियाबाद नगर निगम द्वारा किए जा रहे सूखा कचरा निस्तारण को लेकर प्रेजेंटेशन दी गई जिसकी सरहाना हुई। गाजियाबाद नगर निगम की सूखा कचरा निस्तारण प्रणाली से आय का सृजन होना प्रशंसनीय रहा, जिसको अपनाने के लिए अन्य नगर निकायों ने भी रुचि दिखाई। मौके पर जोधपुर, कन्याकुमारी, अलवर, चंडीगढ़ व अन्य निकायों के नगर आयुक्त उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त गाजियाबाद द्वारा बताया गया कि आईआई एम ए इंदौर में कचरा निस्तारण को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें उत्तर प्रदेश की तरफ से गाजियाबाद को सूखा कचरा निस्तारण के साथ-साथ सृजित आय पर प्रेजेंटेशन देने के लिए भेजा गया। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष में लगभग 3 करोड़ 50 लाख का रेवेन्यू भी सूखा कचरा निस्तारण के साथ-साथ बनाया गया, जो कि प्रदेश में पहला नगर निगम है जिसके द्वारा इस प्रकार की कार्यप्रणालीअपनाई गई जिसका 25% स्वीपर वेलफेयर फंड में इस्तेमाल के लिए सफाई मित्रों को लाभ दिलाने हेतु एसओपी भी तैयार की गई, शहर में रेत मंडी तथा सिहानी में एमआरएफ भी स्थापित किए गए जिसके माध्यम से सूखा कचरा अलग करते हुए रीसाइकिलेबल कचरे को इस्तेमाल में लिया गया तथा जिससे आय का सृजन हुआ। गार्बेज फैक्ट्री में भी अधिकारियों की मॉनिटरिंग में सूखे कचरे के निस्तारण की कार्यवाही तेजी से चल रही है।

इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक से पाइप बनाने की कार्य प्रणाली को भी तेजी दी जा रही है, शहर हित में लगातार कार्य करने के क्रम में ही विकल ट्रैकिंग मॉनिटरिंग सिस्टम का सेटअप भी किया गया जिससे शहर को भी लाभ मिला तथा निगम द्वारा शहर के कचरे को पृथक्करण करने में आसानी रही, कार्बन क्रेडिट पर भी गाजियाबाद नगर निगम द्वारा रिवेन्यू सृजन करने का कार्य किया जा रहा है जो कि सराहनीय है जिसके क्रम में लिगसी वेस्ट के निस्तारण के साथ-साथ मियांवकी पद्धति से प्लांटेशन को भी बढ़ावा मिला, जिसकी क्रम में मीथेन गैस कम हुई है।

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को स्वावलंबी भी बनाया जा रहा है जिसकी प्रशंसा देश भर में हो रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में हर घर को कचरा पृथक्करण के लिए भी जागरूक किया जा रहा है जिसको रफ्तार देते हुए गाजियाबाद नगर निगम योजना के क्रम में सूखे कचरे का निस्तारण बेहतर तरीके से कर रहा है जिसमें निगम को आय भी मिल रही है। नगर आयुक्त द्वारा पहले दिल्ली में भी प्रेजेंटेशन दी गई जो कि सफल रही इसके बाद इंदौर में भी देश के कोने-कोने तक गाजियाबाद का नाम सूखे कूड़े निस्तारण में पहुंचा है जो कि सराहनीय है।

# 12 हजार बकायेदारों की अब खैर नहीं, संपत्ति कुर्क करेगा विभाग

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** बकायेदारों से राजस्व की वसूली नहीं होने से विद्युत निगम के अधिकारियों को मुख्यालय की कार्रवाई का डर लगातार बढ़ रहा है। अधिकारियों ने खुद को बचाने के लिए 12 हजार बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई की तैयारी कर ली है।

### मुकदमा करा दिया दर्ज

वहीं, 50 हजार से अधिक के इन बकायेदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही संपत्ति कुर्क कर राजस्व की वसूली की जाएगी। निगम ने अब तक 325 का स्थायी रूप से कनेक्शन काटते हुए सेक्शन 138बी के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### कड़ी कार्रवाई की तैयारी

जिले में विद्युत निगम के तीनों जोन में वर्तमान में करीब 2.48 लाख बकाएदार हैं। इनमें से 50 हजार से अधिक के 12142 बकाएदार हैं। इन बकायेदारों पर कुल बकाए का करीब 80 प्रतिशत बकाया है। नोटिस के बाद भी बकाया जमा नहीं होने पर निगम ने इनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी कर ली है।

इसके बाद तहसील प्रशासन कुर्की की कार्रवाई करते हुए भू-राजस्व के रूप में वसूली करेगा। दरअसल उम्मीद के अनुसार बकाया नहीं आने से पश्चिमांचल विद्युत निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक द्वारा अधिकारियों को कार्रवाई की चेतावनी देते हुए लगातार फटकार लगाई जा रही है। विद्युत निगम का अभी ढ़ाई लाख बकायेदारों पर करीब 350 करोड़ बकाया है।

### जारी करेंगे कुर्की का नोटिस

स्थायी कनेक्शन काटने के साथ ही बकायेदारों पर वसुंधरा सेक्टर आठ के विजिलेंस थाने में मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। इसके बाद शमन भेजकर बकाया जमा करने का समय दिया जाएगा। फिर भी बकाया जमा नहीं करने पर सभी अधिशासी अभियंता धारा-पांच के अंतर्गत रिकवरी चालान (आरसी) कुर्की का नोटिस जारी करेंगे। जिलाधिकारी अपर जिलाधिकारी (भू एवं राजस्व) को आदेश जारी करेंगे।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि आप अपने सवाल से दाग दो भगवा मैम्बर सौलंकी पर सवाल? हमें पता है इस सवाल पर वो नहीं रखेंगे अपना ख्याल? उनसे पूछना बोर्ड बैठक नहीं होने पर बात? इसके ना होने वाले नुकसान की चर्चा करना? देखना इस बात पर चुप्पी साध जायेंगे ठाकुर साहब? उनके दिल में भी हैं दो बड़े जज्बात? इसलिए चौधरी साहब की तरह वो भी नहीं रखेंगे इस मुद्दे पर बात?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हैवीवेट वालों की संगम में सीएम के साथ डुबकी हमारे दिल में समा गई? हमने उनकी तस्वीर को योगी जी के साथ बिल्कुल बराबर में देखा? ये तस्वीर हमारी बांछों को खिला गई? तस्वीर से हो रहा था साफ एहसास, कि वो योगी जी के केन्द्र में स्थापित हैं साहब? कहने वाले ने कहा जो कर रहे हैं मंत्रीमंडल में संभावित परिवर्तन की बात? ये तस्वीर उनके तोड़ रही है ख्वाब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही अभी गागर में सागर भरने वाले भगवा नागर का सुनाई ना दे रहा हो शोर? फेसबुक पर वो बड़े-बड़े नेताओं की फोटो शेयर करके कर रहे हों हमको बोर? हमें पता है कि उनका पहले जैसा अंदाज फिर दिखेगा दोबारा? होने दो महानगर अध्यक्ष की घोषणा, वो फिर मारेंगे उभारा? महानमंत्री बनने का शुरू कर देंगे वो एकदम प्रयास? बस शर्त ये है कि महानगर में वैश्य हो और वेस्टर्न में स्थापित रहें उनके प्रिय ठाकुर साहब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मैदी जी के दिल में अपने प्रिय युवा जायसवाल को लेकर है जगह खास? जब भी वो इतिहास में जाते हैं तो आ जाती है उनको एक प्रेस कान्फ्रेंस याद? इस कान्फ्रेंस को याद करके उनकी जुबान पर आ जाता है युवा जायसवाल का नाम? फिर छा जाती है उनके चेहरे पर एक अजीब सी मुस्कान? वो इस प्रेस कान्फ्रेंस के लम्हों को करते हैं याद? कहते हैं यहां पर हमारे जायसवाल का ही बड़ा रोल रहा था? उन्हीं ने संभाली थी सारी व्यवस्था बेहिसाब?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मान लो अगर भगवा गोयल बन गये अध्यक्ष? तो फिर यहां पर युवा चौपड़ा का खोपड़ा ऊंचा हो जायेगा यार? सुना है जो नहीं पा पाये भगवा कमांडर के समय में? गोयल साहब के सिस्टम में आते ही उस व्यवस्था पर हो जायेगा उनका बेड़ा पार? वैसे भी हैवीवेट वालों ने अध्यक्ष वाली दावेदारी में रखा था उनका नाम? ऐसे में संगठन में इस चेहरे की चर्चा महानमंत्री वाले मैटर से शुरू होगी? बाकी बाद में निकलेगा समाधान? सुना है अगर इनकी होगी नैय्या पार? तो फिर इनके प्रिय क्रान्तिकारी त्यागी और डोले वाले चौरसिया का भी हो जायेगा उद्धार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ना जाने कहां तक पहुंचेगी भगवा मित्तल और भगवा रावत जी की तकरार? पहले तो था दोनों में बहुत ज्यादा प्यार? बाद में कुछ बातों पर बिगड़ गई बात? सुना है जो प्रेशर मित्तल जी ने क्रिएट किया था? उसका प्रेशर नहीं मान रहे रावत भाईसाहब? देखना अब ये है कि भगवागढ़ का कौन सा बड़ा चेहरा इसमें पेश करेगा मिसाल? फिलहाल तो फूल वालों के बीच में कांटे पेश कर रहे हैं मिसाल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जनप्रतिनिधि ने अपना ऊपर दर्ज कराया था विरोध? उन पर लगे थे कच्ची कॉलोनी काटने के आरोप? जिसका किया था उन्होंने प्रतिशोध? देखना अब ये है कि उनकी ऊपर तक पहुंचाई बातें क्या दिखायेंगी भविष्य में असर? फिलहाल कहने वाले कह रहे हैं, उन्होंने बत्ती गुल करने में नहीं छोड़ी है कोई कसर?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं पहुंचाना चाहता हूं दो दोस्तों के पास एक संदेश? एक दोस्त तो ताकत के दम पर फिलहाल कायम रहेंगे? मगर जो बन रहे हैं हालात, उसको देखकर दूसरे दोस्त को करना होगा कोप भवन में प्रवेश? कहने वाले ने कहा हैवीवेट पॉवर सेंटर वाला अगर बन गया कोई अध्यक्ष? तो फिर इनको राजनीतिक अनदेखी का उठाना पड़ेगा कष्ट? कहने वाले ने कहा आप इस बात को कितना ही घुमा कर लिखो? मगर इस बात को दोनों दोस्त समझ जायेंगे 100 प्रतिशत स्पष्ट?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ के दो गोयल में से एक गोयल अगर आ गये पॉवर में? तो फिर वो निभायेंगे होम्योपैथिक वाले डॉक्टर का किरदार? देखना वो उन सबका ईलाज जड़ से करेंगे जो थोड़े वक्त पहले चेहरों पर लेकर चल रहे थे बहार? कहने वाले ने कहा गोयल साहब के दिल में है दर्द-ए-डिस्को? ना जाने अब इस वजह से दर्द मिलेगा किस-किसको?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जनरली भगवा चौरसिया की थी मिजोरम जाने की चाहत? शायद चौपड़ा जी का भी था कुछ ऐसा ही प्रोग्राम? मगर सुना है बेनाम बादशाह ने कुछ ऐसा दांव चला? जिससे पलट गया पूरा प्रोग्राम? कहने वाले कह रहे हैं चौपड़ा जी का तो पता नहीं मगर चौरसिया जी को है इस बात का थोड़ा सा कष्ट? उनको कुरेदोगे तो वो बता देंगे, सबकुछ स्पष्ट? मिजोरम वाले महोत्सव का आखिर क्यों नहीं भेजा गया इन्हें प्रस्ताव? कुछ तो वजह है जो कोई बात दे गई है इनके दिल को घाव?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# भाजपा नेता अभिजीत मुखर्जी बने उत्तर भारत रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा नेता अभिजीत मुखर्जी को उत्तर भारत रेलवे सलाहकार समिति का सदस्य बनाए जाने पर जिला प्रतिनिधि विनीत शर्मा के कार्यालय पर हुआ अभिनंदन। इस मनोनयन पर उनके समर्थकों एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चे के महानगर मीडिया प्रभारी अभिजीत मुखर्जी को नियुक्ति पत्र रेल मंत्रालय से प्राप्त हुआ। इस मौके पर बोलते हुए अभिजीत मुखर्जी ने कहा कि यात्रियों की रेलवे से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। अभिजीत मुखर्जी ने रेलवे सलाहकार समिति का सदस्य बनाए जाने पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा, रेल मंत्री भारत सरकार अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया। अभिजीत मुखजी ने बताया कि उत्तर रेलवे में पांच डिवीजन अंबाला, दिल्ली, फिरोजपुर, लखनऊ, मुरादाबाद आते हैं। उत्तर रेलवे, भारतीय रेलवे का सबसे बड़ा जोन है। यह जोन जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और चंडीगढ़ जैसे राज्यों में फैला हुआ है।

भाजपा जिला प्रतिनिधि व पूर्व मंडल अध्यक्ष राजनगर विनीत शर्मा, मुकेश शर्मा, श्रीचंद चौहान, राजेश्वर यादव, तनुज खन्ना अध्यक्ष पंजाबी युवा संगठन व महामंत्री अनिल अरोड़ा,आर एन राम, नवीन पंडित,अनुज राघव, एस सी अग्रवाल, डॉ. अनिल बैसला, आदित्य कौशिक, संजीव गुप्ता, अनूप सिंह, मनोज सिंह, ललित कुमार आदि ने पटके व बुके देकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा का प्रतीक के रूप में मनाया जायेगा उत्तर प्रदेश दिवस-2025: सीडीओ अभिनव गोपाल



**उत्तर प्रदेश की विविध संस्कृति को दर्शाने वाले शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन : अभिनव गोपाल**




● **समारोह में होगा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, जानकारीपूर्ण प्रदर्शनों और उपलब्धियों के सम्मान का संगम : अभिनव गोपाल**

### जानकारियों से भरपूर होंगें स्टॉल्स

विभिन्न विभागों द्वारा उनकी योजनाओं और उपलब्धियों की प्रदर्शनियां लगाई जायेगी, जो कि उत्तर प्रदेश के विकास और प्रगति को दशाएंगी। इसके साथ ही समाज कल्याण, बालिका दिवस, मिशन शक्ति (प्रोबेशन विभाग), डीआईओएस - अटल बिहारी वाजपेयी शताब्दी वर्ष, उद्योग का ओडीओपी, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और इन्वेस्ट यूपी जैसे विभागों के विशेष स्टॉल्स लगायें जायेंगे। सरकारी योजनाओं से संबंधित पोस्टर्स भी प्रदर्शित किए जाएंगे। आम जनता, स्कूल, कॉलेज के छात्र—छात्रायें सहित अन्य गणमान्य प्रदर्शनी का अवलोकन कर प्रदेश की प्रगति व योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 24 जनवरी 2025 को उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के शुभ अवसर पर हिन्दी भवन लोहिया नगर में भव्य समारोह का आयोजन किया जोयगा, यह समारोह 25 जनवरी 2025 (राष्ट्रीय पर्यटन दिवस व मतदाता जागरूकता दिवस) को भी मनाया जायेगा। इस कार्यक्रम की थीम विकास व विरासतः प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश पर रहेगा।

इस अवसर पर राज्यभर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रदर्शनी, और हस्तशिल्प मेले का आयोजन किया जायेगा। इसमें राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, परंपराओं और विकास की उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जायेगा। सन 2025 में, यह दिन खास महत्व रखेगा क्योंकि उसी समय प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 का भी आयोजन किया जा रहा है, जो 13 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगा। महाकुंभ मेला विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है। उत्तर प्रदेश दिवस 2025, राज्यवासियों के लिए अपनी पहचान और गौरव को मनाने का एक अद्भुत अवसर होगा। गाज़ियाबाद में उत्तर प्रदेश दिवस-2025 का भव्य आयोजन किया जा रहा है, जो प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विकास यात्रा का प्रतीक होगा। यह आयोजन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, जानकारीपूर्ण प्रदर्शनों और उपलब्धियों के सम्मान का संगम होगा।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमः** उत्तर प्रदेश की विविध संस्कृति को दर्शाने वाले 7 शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। प्रदेश के विकास में योगदान देने वाले व्यक्तियों और संगठनों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे।

**इस वर्ष की थीम विकास व विरासतः** प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश प्रदेश की परंपराओं और आधुनिकता के बीच संतुलन को दर्शाती है। यह आयोजन प्रदेश की जनता को इसके विकास और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति प्रेरित करेगा।

# लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने जनता को दी 70 करोड़ की सौगात



## जलनिकासी के लिए सीवरेज सिस्टम का किया शुभारंभ

**लोनी, करंट क्राइम।** जलभराव से परेशान लोनी के लिए बुधवार राहत की खबर लेकर आया। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने 70 करोड़ की लागत से लोनी नगरपालिका के वार्ड संख्या 38, 48 में जलनिकासी हेतु सीवरेज सिस्टम अधिष्ठापन कार्य का वार्ड नम्बर 38 में शुभारंभ किया। इस दौरान सभासद अनूप भड़ाना, पूर्व सभासद प्रमोद कुशवाहा, सभासद पति एवं भाजपा नेता कुलवीर चौहान, सभासद फरीदा, भाजपा पदाधिकारीगण और हजारों की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे जो लंबे समय से क्षेत्र में सीवरेज सिस्टम की मांग कर रहे थे क्योंकि जलनिकासी की स्थिति यहां काफी दयनीय है। जल निगम की ओर से एई संजय कुमार, जेई शिवकुमार, जेई प्रवीण, नगरपालिका जेई मनोज कुमार, सेनेट्री इंस्पेक्टर संजीव अवाना व अन्य उपस्थित रहे।

नगरपालिका लोनी की वार्ड संख्या 38, 48 के अतिरिक्त रामपार्क एक्सटेंशन के आंशिक भाग को सीवरेज सिस्टम से जोड़ा जाएगा। जलनिकासी हेतु सीवरेज सिस्टम के कार्य का शुभारंभ विधिवत कर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि इस विकास कार्य से 2 वार्ड पूर्ण रूप से व वार्ड 29 के आंशिक भाग में रहने वाले लाखों लोग लाभान्वित होंगे जो जलभराव की समस्या का सामना कर रहे थे। लगातार लोनी में सीवरेज सिस्टम का जाल बिछाने के लिए हम लोग कार्य कर रहे है। अथक प्रयासों के बाद लोगों को यह खुशी मिली है। मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और नगर विकास मंत्री एके शर्मा का आभारी हूँ जिन्होंने हमारी समस्या को सुना और आज 70 करोड़ की सौगात लोनिवासियों को दी है जिससे 45 किलोमीटर लंबी सीवर की लाइन डाली जाएगी और डाबर तालाब होते हुए पानी को एसटीपी तक पहुंचाई जाएगी। इस दौरान विधायक नंदकिशोर गुर्जर को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा यह बहुत ही खुशी और हर्ष का विषय है कि अब हमें नरक से मुक्ति मिलेगी। संबोधन में विधायक ने कहा कि आज करोड़ों की लागत से लोनी में विकास कार्य विधायक निधि, मुख्यमंत्री त्वरित योजनांतर्गत, राज्य वित्त, डूडा, पीडब्ल्यूडी आदि के माध्यम से हो रहे है लोगों की जिंदगी आसान हो रही है। इसके अतिरिक्त विधायक ने कहा लोनी में बिजली, सड़क, चिकित्सा, शिक्षा, कानून व्यवस्था की स्थिति में आज अभूतपूर्व सुधार हुआ है जिसकी साक्षी लोनी की जनता है जिसने मुझे पुनः अपनी सेवा करने का आशीर्वाद प्रदान किया। लोनी एक हाईटेक सिटी बने इसके लिए बृहद स्तर योजना तैयार की जा रही है। लोनी विकास के पथ पर अग्रसित है भाजपा की नीतियों और विकास के प्रति मेरी प्रतिबद्धता पर जनता का विश्वास है।

# पार्कों को गोद देने की प्रक्रिया कागजों से बाहर नहीं आ सकी

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम ने 14 पार्क और हरित पट्टियों को रखरखाव के लिए गोद देने की योजना बनाई है। लेकिन पार्कों को गोद देने की प्रक्रिया कागजों से बाहर नहीं आ सकी। इस कारण उनमें सुविधाओं का अभाव है। इससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। लोग निगम से पार्कों को विकसित कराने की मांग कर रहे हैं। निगम का उद्यान विभाग छोटे-बड़े पार्कों का रखरखाव करता है। इसके लिए पांचों जोन के पार्कों में मालियों की ड्यूटी रहती है। कुछ बड़े पार्कों को छोड़ दिया जाए तो ज्यादातर पार्क बदहाल होने लगे हैं। लोगों का आरोप है कि माली नियमित रूप से पार्कों में नहीं आते। मरम्मत के काम भी समय पर नहीं कराए जा रहे। इस कारण घास और पौधे नष्ट हो रहे हैं। फुटपाथ तक की मरम्मत नहीं कराई जा रही। ऐसे में लोगों को टहलने में परेशानी होती है। उद्यान विभाग के अधिकारियों ने पार्क अच्छी तरह विकसित हो सके इसके लिए योजना तैयार की। इसमें बड़े संस्थानों को पार्क गोद दिए जाने हैं। गोद लेने वाली संस्था ही पार्क को विकसित कराएगी। पहले चरण में 14 पार्क और हरित पट्टी गोद दिए जाने हैं। इसके लिए स्कूलों ने आवेदन किया। कई माह बीत जाने के बाद भी पार्कों को गोद नहीं दिया जा सका। इस कारण पार्कों में सुविधाओं का अभाव है। लोगों को पार्कों में टहलने के दौरान परेशानी होती है। प्रताप विहार स्थित सेक्टर-11, वैशाली सेक्टर-3, गोविन्दपुरम, शास्त्रीनगर ई-ब्लाक, वसुंधरा सेक्टर-15, वैशाली सेक्टर-4, लोहियानगर, राजनगर सेक्टर-7, मेरठ रोड आर्यनगर, नेहरूनगर में तीन पार्क स्कूलों को गोद दिए जाने हैं। इसके अलावा कई जगह की हरित पट्टी भी गोद दी जानी है।

# नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद के युवाओं ने सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक : देवेंद्र कुमार

## हेलमेट न पहनने और रॉन्ग साइड चलने की सबसे अधिक शिकायतें पाई गईं





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद तथा मेरा युवा भारत गाजियाबाद, खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा यातायात पुलिस के साथ मिलकर चलाए जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में युवाओं ने लोगों को जागरूक करने में अहम भूमिका निभाई है। 17 जनवरी से लगातार सभी युवा गाजियाबाद मे घंटाघर हापुर मोड़ तथा राज चौपला मोदीनगर में यातायात पुलिस के साथ मिलकर लोगों को जागरुक कर रहे हैं। आज नेहरू युवा केंद्र गाजियाबाद के उपनिदेशक देवेंद्र कुमार ने राज चोपला मोदीनगर मे यातायात पुलिस के रईस अहमद सब इंस्पेक्टर ट्रैफिक पुलिस, प्रदीप कुमार हेड कांस्टेबल, मनवीर सिंह हेड कांस्टेबल और श्रीकांत सिंह कांस्टेबल तथा अपने स्वयंसेवकों तालिब, अंजली,राधिका, तानिया तुषार,शुभम, नितिन, अरुण, वैष्णवी के साथ मिलकर लोगों को यातायात नियमों एवं सावधानियां के प्रति जागरूक किया। आज सभी युवाओं ने पाया कि यातायात नियमों में सबसे अधिक लापरवाही युवा वर्ग एवं बुजुर्ग वर्ग हेलमेट न पहनकर तथा तथा रॉन्ग साइड में ट्रैफिक चलते हुए पाए गए। सभी एक बहाना बनाते हुए पाए गए कि हम तो लोकल हैं तथा यहां से थोड़ी ही दूर पर हमें जाना है इसलिए हमने हेलमेट का प्रयोग नहीं किया लेकिन युवाओं ने सभी को बताया कि ऐसा नहीं है लोकल में दुर्घटनाएं नहीं होती हैं यदि कोई दुर्घटना होती है उसमे आपकी जान जा सकती है या कोई शारीरिक क्षति हो सकती है जिससे आपका परिवार मानसिक रूप से तो परेशान होगा ही इसके अतिरिक्त परिवार पर आर्थिक बोझ भी पड़ेगा। युवाओं ने सभी को बड़े अदब व प्यार से हेलमेट पहने तथा रॉन्ग साइड न चलने की सलाह दी। राज चौपला पर उपस्थित सभी यातायात पुलिस कर्मियों को बड़े प्यार से लोगों को समझाते हुए पाया जिसे देखकर सभी युवा बहुत खुश हुए तथा आगे भी इस प्रकार की अपनी सेवाएं देने के लिए प्रेरित हुए।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मां को प्रथम देवता कहा जाता है। जिसने मां को कुंभ स्नान करा दिया तो ये मानो कि उसने हर स्नान का कर्ज चुका दिया। पूर्व मेयर आशु वर्मा ने अपनी मां को महाकुंभ स्नान कराया। एक बेटे ने अपनी मां की तीर्थ इच्छा पूरी की। इस भावना को बताने के लिए शब्द कम पड़ जाएंगे। ये वो पल है जो पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। युवाओं के लिए संदेश है ओर सनातन संस्कृति का मूल है। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।